मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वस्नीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर जी"
के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर

विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555 9695416555

# मेडिकल कॉलेज में जांचें प्रभावित, वायल खत्म, लौटाए मरीज

अयोध्या कार्यालय



अस्पताल के जांच पंजीकरण काउंटर पर मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में कई महत्वपूर्ण जांचें प्रभावित चल रही हैं। थायराइड, एचबीएवनसी, इलेक्ट्रोलाइट की जांच कराने में मरीजों को दिक्कत आ रही हैं। मरीज-तीमारदारों में खलबली है। बाहर से जांच कराना मजबूरी बन गई है। सीबीसी (कंप्लीट ब्लड काउंट) के लिए पहुंचे मरीजों को वायल खत्म होने की बात कहकर लौटा दिया जा रहा है। वहीं मेडिकल कॉलेज प्रशासन का दावा है कि पर्याप्त संख्या में वायल उपलब्ध हैं।

मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को बस्ती से पहुंचे प्रेम कुमार के तीमारदार ने बताया कि वह जांच काउंटर पर पंजीकरण कराने के लिए गए थे। पर्चे पर सीबीसी भी लिखा था। आरोप है कि उन्हें वायल न होने की बात कहकर लौटा दिया गया। इसी तरह तीमारदार संजीव ने बताया कि वह थायराइड की जांच कराने के लिए आए थे, लेकिन उन्हें बताया गया कि जांच नहीं हो रही है। आलोक कुमार को भी लौटा दिया गया। उनके परिजन को इलेक्ट्रोलाइट की जांच करानी थी। आलोक ने बताया कि बाहर से कराने के लिए कहा गया है। बुजुर्ग 65 वर्षीय घनश्याम के पुत्र ने बताया कि उन्हें पिता की थायराइड की जांच बाहर करानी पड़ी। बताया गया कि मशीन खराब है। एक तीमारदार ने बताया कि उनके परिजन को पस आ रहा था। जांच का नाम नहीं मालूम, लेकिन बाहर से कराकर लाए हैं। मरीज बैरंग लौट कर निजी पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटर के दोहन के शिकार हो रहे हैं। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया के अवकाश पर जाने के बाद प्रभारी प्राचार्य का जिम्मा संभाल रहे डॉ.डीके सिंह ने दावा किया कि जांचें सभी चल रही हैं, 18 हजार वायल मौजूद हैं। लापरवाही किस स्तर से हो रही है? इसे देखा जा रहा है।

### कोई भी जांच 200 से कम नहीं

थायराइड, एचबीएवनसी, इलेक्ट्रोलाइट की जांच बाहर बहुत महंगी होती है। अकेले थायराइड की बात करें तो 200 से 700 के बीच, एचबीएवनसी की जांच 200 से 400 के बीच और इलेक्ट्रोलाइट की भी जांचें 400 से 500 के बीच होती है।

### जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड व थायराइड जांच ठप

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड दो दिन से ठप है। मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाहर एक हजार से डेढ़ हजार रुपये तक के बीच खर्च करना पड़ रहा है। यही नहीं थायराइड की जांच भी तीन दिन से ठप चल रही है। मेडिकल कॉलेज में कई जांचें प्रभावित होने के बाद कई मरीज थायराइड की जांच कराने के लिए गुरुवार को जिला अस्पताल के क्षेत्रीय निदान केंद्र पहुंचे। यहां अर्पित ने बताया कि मैं दो दिन से जिला अस्पताल के चक्कर लगा रहा हूं। मेरी भतीजी का थायराइड टेस्ट होना है, लेकिन नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में लैब के कर्मचारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तीन दिन से मशीन खराब पड़ी है। अल्ट्रासाउंड केंद्र के बाहर बैठे आशीष ने बताया कि उन्होंने एक निजी केंद्र में जाकर एक हजार रुपये में अल्ट्रासाउंड कराया है। प्रभारी सीएमएस डॉ .राजेश सिंह ने बताया कि अल्ट्रासाउंड करने वाले डॉक्टर अजय चौधरी एक सेमिनार में शामिल होने के लिए 27 फरवरी तक के लिए गए हैं। एक ही चिकित्सक होने के नाते परेशानी आ रही है। हार्मोन की मशीन खराब है। टेक्नीशियन को बुलाया गया है। एक दो दिन में थायराइड की जांच भी शुरू हो जाएगी।

## होली पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, 50 बेड आरक्षित

**अयोध्या कार्यालय।** होली पर्व को लेकर जिले में स्वास्थ्य विभाग ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों में कुल 50 बेड आरक्षित किए हैं। इनमें अयोध्या मेडिकल कॉलेज में 30 बेड, जबकि जिला अस्पताल और श्रीराम अस्पताल में 10-10 बेड सुरक्षित रखे गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र भिटौरिया ने बताया कि त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना, झुलसने, रंगों से एलर्जी या सड़क दुर्घटना जैसी स्थितियों से निपटने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। जिले की 29 एंबुलेंस को चिन्हित हॉट स्पॉट क्षेत्रों में तैनात किया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल राहत पहुंचाई जा सके। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। ऑन कॉल विशेषज्ञ डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है, जो आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सेवाएं देंगे। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सुरक्षित और सावधानीपूर्वक होली मनाने की अपील की है।

# अब तक 3.75 लाख मतदाताओं को नोटिस

## एसआईआर में नॉन मैपिंग व त्रुटि वाले 2.50 लाख की सुनवाई पूरी

अयोध्या कार्यालय।



**अमृत विचार:** विधानसभा मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में अब तक 3.75 लाख मतदाताओं को अब तक नोटिस जारी की जा चुकी है। लगभग 2.50 लाख मतदाताओं की सुनवाई पूरी हो गई। एक लाख मतदाताओं को नोटिस वितरित किए जाने की तैयारी है। मतदाता सूची का 10 अप्रैल को अंतिम प्रकाशन किया जाना है।

एसआईआर के तहत मतदाता सूची में दो तरह के मतदाताओं को लेकर इन दिनों बड़े पैमाने पर सुनवाई की जा रही है। सूची में लगभग सवा लाख ऐसे मतदाता हैं जिनकी मैपिंग पुरानी सूची से नहीं हो पाई है। वर्ष 2003 से मैपिंग कराकर सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन 06 जनवरी को किया गया था। इसमें लगभग सवा लाख ऐसे मतदाता पाए गए जिनकी वर्ष 2003 से मैपिंग या फिर जरूरी दस्तावेज नहीं मिल पाए। उनकी मैपिंग के लिए मतदाताओं को नोटिस जारी की जा रही है। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुनवाई कर रहे हैं। उनसे जरूरी अभिलेख लिए जा रहे हैं। जिससे उन्हें सूची में बनाए रखा जा सके।

ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद आयोग ने जिले के लिए लगभग 3.50 लाख ऐसे मतदाताओं को चिंहित किया जिनकी मैपिंग तो कर ली गई लेकिन उसमें त्रुटि मानी जा रही है। अब इन मतदाताओं को भी नोटिस जारी की जा रही है। इस प्रक्रिया में बीएलओ संबंधित मतदाताओं के घर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रहे हैं साथ ही जरूरी कागज ले रहे हैं। हालांकि इस सुनवाई में बहुत कम मतदाताओं को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के पास जाना पड़ रहा है। इसके साथ ही नए मतदाता बनाने के लिए फॉर्म छह भरवाने का काम भी अभियान के तहत किया जा रहा है।

> नॉन मैपिंग और त्रुटि वाले लगभग 4.85 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी करने और सुनवाई की प्रक्रिया चल रही है। अब तक लगभग 3.75 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी की गई। इसमें से 2.50 लाख की सुनवाई पूरी हो गई है। लगभग एक लाख मतदाताओं को नोटिस तामील कराए जाने की प्रक्रिया चल रही है। तय समय में सुनवाई पूरी करा लिया जाएगा। **-निखिल टी. फुंडे, जिलाधिकारी।**

### रुदौली में डिलीट हुए सर्वाधिक मतदाता

**अयोध्या, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में रुदौली में बीती 19 फरवरी तक सबसे ज्यादा डुप्लीकेट मतदाता डिलीट किए जा चुके हैं। ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की जांच भी चल रही है। तहसील सदर में 5846, सोहावल में 759, रुदौली में 6421, मिल्कीपुर में 2639 और बीकापुर में 5327 डुप्लीकेट मतदाता डिलीट किए जा चुके हैं। कुल 5.94 लाख के सापेक्ष 3.03 लाख वोटरों की जांच 19 फरवरी तक की गई थी।

## विधायक के प्लांट पर 24 घंटे से जमे आयकर के अफसर

पूराबाजार, अयोध्या


मुख्य गेट पर खड़ी आयकर विभाग के अधिकारियों का वाहन।

**अमृत विचार:** अयोध्या-अंबेडकरनगर हाईवे के किनारे पूराबाजार ब्लॉक क्षेत्र के ताहिरपुर गांव में स्थापित छात्र शक्ति इंफ्रा लिमिटेड प्लांट पर आयकर विभाग के अफसर 24घंटे से जमे हैं। यह कंपनी बसपा विधायक की बताई गई है।

छात्रशक्ति इंफ्रा लिमिटेड ही अंबेडकरनगर जाने वाले फोरलेन सड़क का निर्माण कर रही है। छात्रशक्ति और आयकर अधिकारियों की ओर से अब तक कोई बयान जारी नहीं किया गया। प्लांट का गेट बंद कर दिया गया है, किसी को भी अंदर व बाहर आने जाने की अनुमति नहीं बताई गई है। माल लदे ट्रक सड़क के किनारे दोनों ओर काफी दूर तक खड़े है। प्लांट पर सन्नाटा पसरा है। पास पड़ोस में भी कोई कुछ कहने को तैयार नहीं है। अयोध्या के आसपास और अयोध्या में कई सड़कों का निर्माण छात्र शक्ति इंफ्रा लिमिटेड से कराया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### जनता दर्शन में डीएम ने सुनी समस्याएं

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में शहर और देहात क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान का निर्देश दिया।

### महिला अस्पताल का किया सीएमओ ने निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** महिला अस्पताल में गुरुवार को सीएमओ डॉ. देवेंद्र भिटौरिया के अचानक पहुंच जाने से हड़कंप मच गया। वह करीब आधे घंटे तक अस्पताल में रहे और निरीक्षण किया। बताया जाता है कि उन्हें बाहर से दवा लिखे जाने की शिकायत मिली थी। डॉ. भिटौरिया ने बताया कि ऐसी शिकायत आई थी, लेकिन निरीक्षण के बाद ऐसा कुछ नहीं मिला।

### हादसे में अधिवक्ता घायल, रेफर

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर माफी के पास प्रयागराज हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना में बीकापुर तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद पांडेय (70) निवासी पातूपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। तहसील के नोटरी अधिवक्ता अरविंद पांडेय बाइक पर अपने घर जा रहे थे। जलालपुर के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने बेहोशी की हालत में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉ .धर्मेंद्र रंजन ने गंभीर हालत में उन्हें मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर कर दिया। गांव निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे ने बताया कि मेडिकल कॉलेज से चिकित्सक ने उन्हें कोमा की स्थिति में ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। बीकापुर कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।




### अयोध्या कैंट के दो टीटीआई सम्मानित

**अयोध्या, अमृत विचार।** मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ सुनील कुमार वर्मा ने गुरुवार को लखनऊ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अयोध्या के दो टिकट जांच कर्मियों (टीटीआई) को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि इन्होंने यात्रियों में टिकटिंग जागरूकता लाने, बिना टिकट यात्रा पर नियंत्रण तथा रेलवे की आय में उल्लेखनीय वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इनका चयन उनके प्रदर्शन और राजस्व अर्जन के आधार पर किया गया है। सम्मानित होने वालों में अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर तैनात टीटीआई राज मंगल यादव व समर बहादुर सिंह भी शामिल हैं।

### डीएम ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम एवं वीवी पैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, रिजेक्टेड यूनिट कक्ष, वीवीपैट कक्ष, सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा व्यवस्था को देखा। वेयर हाउस में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की ईवीएम/वीवी पैट मशीन ताले के अंदर रखी गई हैं। निर्देश दिया कि सुरक्षा के मद्देनजर स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उनके साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी उदयराज पांडे व कार्यालय के स्टाफ के लोग मौजूद थे।

## 12वीं के सात विद्यार्थियों ने छोड़ी परीक्षा


सीबीएसई बोर्ड

सीबीएसई बोर्ड की 12वीं परीक्षा देकर महाराजा पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र से बाहर आते विद्यार्थी।

**अयोध्या, अमृत विचार:** सीबीएसई की 12 वीं और 10 वीं की बोर्ड परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण माहौल में हो रही है। सीबीएसई के जिला को-ऑर्डिनेटर व महाराजा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि गुरुवार को 12 वीं की जियोग्राफी विषय की परीक्षा सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल परीक्षा केन्द्र को छोड़कर अन्य सभी 12 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। इसमें 363 में से 356 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, सात विद्यार्थी अनुपस्थित पाए गए। किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल सम्बन्धी कोई मामला संज्ञान में नहीं आया। जेबी अकादमी की जियोग्राफी विषय विशेषज्ञ डॉ. दिव्या शुक्ला ने बताया कि सिलेबस के अनुरूप व समय परक पेपर बच्चों ने बिना तनाव के हल किया। जिला को-आर्डिनेटर ने बताया कि शुक्रवार को 10 वीं कक्षा की कम्प्यूटर साइंस विषय की परीक्षा जिले के सभी 13 परीक्षा केन्द्रों पर सुबह साढ़े 10 बजे से शुरू होगी।

## खेल प्रतिभा प्रदर्शन आज से

**अयोध्या, अमृत विचार:** दो दिवसीय प्रदेशीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुक्रवार से डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित हो रही है। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव परमेन्द्र सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों के लगभग 500 महिला, पुरुष, बालक व बालिका एथलीट अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ. संजय तिवारी बतौर मुख्य अतिथि प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे और विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे। महिला व पुरुष अंडर-20 और बालक व बालिका अंडर-18 एथलेटिक्स प्रतियोगिता से चयनित विजेता व उपविजेता खिलाड़ी नासिक में मार्च में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय इंडोर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उप्र टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता समापन शनिवार को पुरस्कार वितरण के साथ होगा।

## एएआई को बिल्ड इंडिया इंफ्रा अवार्ड

अयोध्या कार्यालय।


अवार्ड ग्रहण करते अयोध्या एयरपोर्ट के डायरेक्टर धीरेंद्र सिंह।

- **अयोध्या एयरपोर्ट के डायरेक्टर ने प्राप्त किया सम्मान**

**अमृत विचार:** एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) को वर्ष 2026 का प्रतिष्ठित बिल्ड इंडिया इंफ्रा अवार्ड विमानन क्षेत्र की इनोवेशन श्रेणी में प्रदान किया गया है। यह सम्मान अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट परियोजना की अभिनव व सतत विकास आधारित डिजाइन के लिए दिया गया।

इस पुरस्कार के निर्णायक मंडल में अमिताभ कांत (पूर्व सीईओ, नीति आयोग) व दुर्गा शंकर मिश्रा (पूर्व सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय) सहित अन्य प्रतिष्ठित सदस्य शामिल थे। पुरस्कार समारोह का आयोजन नई दिल्ली के एक होटल में किया गया। राज्य मंत्री नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा श्रीपद नाइक द्वारा प्रदान किया गया। इसे अयोध्या एयरपोर्ट के डायरेक्टर धीरेंद्र सिंह ने प्राप्त किया। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का टर्मिनल भवन आधुनिक स्थिरता एवं क्षेत्रीय सांस्कृतिक-स्थापत्य विरासत का उत्कृष्ट उदाहरण है। इसकी स्थापत्य शैली नागर मंदिर वास्तुकला से प्रेरित है। जिसमें रामायण की कथाओं को दर्शाते सजावटी रूपांकन सम्मिलित किए गए हैं। हवाई अड्डे को 4-स्टार रेटिंग प्राप्त है।

## अफवाह पर न दें ध्यान, तत्काल दें संदिग्ध की जानकारी

अयोध्या कार्यालय।


आरटीसी सभागार में पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व साथ एसएसपी डॉ .गौरव ग्रोवर।

- **सोशल मीडिया और संवेदनशील स्थलों की होगी निगरानी : एसएसपी**

**अमृत विचार:** पर्व व त्योहारों को लेकर गुरुवार को केंद्रीय शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने कहा कि अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने कहा कि सोशल मीडिया के साथ संवेदनशील स्थलों की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जाएगी।

पुलिस लाइंस स्थित आरटीसी सभागार में त्यौहार होलिका दहन,होली, रमजान माह, नवरात्रि, ईद उल फितर आदि को सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम और एसएसपी की सयुंक्त अध्यक्षता में आयोजित सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक में विस्तृत चर्चा की गई।

डीएम ने गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं और समिति के सदस्यों से अपील की कि कि सभी त्यौहार आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं समन्वय के साथ मनाए जाएं। जिले की गंगा-जमुनी तहजीब एवं सामाजिक एकता को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। एसएसपी ने कहा कि त्यौहारों के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। सभी से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया।

बैठक में नगर क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने अपने सुझाव व समस्याएं रखी। इनके त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया।साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, यातायात व्यवस्था एवं प्रकाश व्यवस्था आदि के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम सिटी, एडीएम प्रशासन, एसपी ग्रामीण, सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी सहित सेन्ट्रल पीस कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## एनआरआई के खाते से निकले 1.81 लाख

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** इनायत नगर थाना क्षेत्र में एचडीएफसी बैंक की मिल्कीपुर शाखा के एक एनआरआई ग्राहक के खाते से 1,81,370 रुपये की ऑनलाइन ठगी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने और साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के कोछा गांव निवासी अख्तर अली पुत्र हियात मोहम्मद 15 वर्षों से सऊदी अरब में काम करते हैं। उनका एचडीएफसी बैंक की मिल्कीपुर शाखा में खाता है। उन्होंने बताया कि उनके बैंक खाते से कुल 1,81,370 रुपये छह अलग-अलग किश्तों में निकाल लिए गए। यह राशि केनरा बैंक की बख्तियारपुर, पटना (बिहार) शाखा में स्थित एक खाते में भेजी गई है। उन्हें इसकी जानकारी तब हुई जब वह बुधवार को मिल्कीपुर शाखा में पैसे निकालने पहुंचे। बैंक कर्मियों ने उन्हें खाते में पर्याप्त धनराशि न होने की सूचना दी। इसके बाद उन्होंने इनायत नगर पुलिस को तहरीर दी और साइबर क्राइम थाने में ऑनलाइन प्रार्थना पत्र भेजा। इनायत नगर थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा ने बताया कि शिकायत मिली है और जांच की गई है। शिकायतकर्ता कोतवाली बीकापुर क्षेत्र का निवासी है, इसलिए उससे वहीं मामला दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

## पटरंगा सड़क हादसा: मृतकों की संख्या दो हुई

**मवई, अयोध्या, अमृत विचार।** पटरंगा थाना क्षेत्र के पचलो गांव के पास बुधवार रात हुए सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। इलाज के दौरान गुरुवार को एक और घायल युवक ने दम तोड़ दिया। दो बाइकों की बुधवार रात हुई आमने-सामने हुई टक्कर में दिनेश कुमार पुत्र राम गुलाम निवासी नेवरा, थाना मवई की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी। घायल अजय कुमार पुत्र जगदीश निवासी आलियाबाद थाना दरियाबाद जनपद बाराबंकी की दर्शननगर मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। वहीं, अन्य घायलों में मोहम्मद तौसीफ, अनिल कुमार और शुभम का उपचार जारी है।

## विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने किया संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण

अयोध्या कार्यालय

- **निरुद्ध अपचारियों और बंदियों से व्यवस्था की ली जानकारी**

**अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रंजिनी शुक्ला ने गुरुवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का निरीक्षण किया। यहां निरुद्ध किशोर अपचारियों से उनके स्वास्थ्य और भोजन के बारे में जानकारी ली। अपचारियों ने बताया कि स्वास्थ्य की जांच के लिए समय-समय पर चिकित्सक आते हैं। भोजन मेन्यू के अनुसार दिया जाता है। अध्यापकों की भी व्यवस्था की गई है। सहायक अधीक्षक को समुचित साफ-सफाई के लिए निर्देश दिया। सचिव ने बताया कि यदि किसी किशोर अपचारी को विधिक सहायता की आवश्यकता है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका की भी जांच की गयी।

उन्होंने जिला कारागार का भी निरीक्षण किया। जेल में निरुद्ध कैदियों/बंदियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कारागार प्रशासन के अफसरों को निर्देश दिया कि बंदियों के बौद्धिक विकास के लिए उनको मोटिवेट किया जाय। जो बंदी निरक्षर है उन्हें साक्षर किये जाने का प्रयास किया जाये।

**हालात** | पान मसाला आदि के दामों में हुई बढ़ोत्तरी का दिख रहा असर, पान व्यवसायियों के चेहरे खिले

# तंबाकू उत्पादों की बिक्री घटी, बढ़ी पान के शौकीनों की संख्या

अयोध्या कार्यालय।


सिविल लाइन स्थित एक दुकान पर पान लगाता दुकानदार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** तंबाकू आधारित चबाने वाले उत्पादों जैसे गुटखा, खैनी, जर्दा और सिगरेट आदि के दामों में वृद्धि होने से रामनगरी के पान व्यवसाय में 40 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। इससे पान व्यवसायियों के चेहरे पर रौनक लौट आई है।

केंद्र सरकार द्वारा 1 फरवरी 2026 से तंबाकू उत्पादों, सिगरेट, गुटखा और पान मसाला पर लगाए गए भारी टैक्स के कारण इन उत्पादों की कीमतों में 15 से 40 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हुई है। हाल यह है कि मीडियम स्तर का गुटखा जो पहले 10 रुपये में तीन मिलते थे वह अब घटकर दो ही रह गये है। बड़े ब्रांड के पान मसाले में और वृद्धि हुई है। इससे शहर के प्रमुख पान स्टाल व दुकानों पर बदलाव साफ नजर आ रहा है। पहले जहां गुटखा और तंबाकू मिश्रित पान मसाला के पैकेट तेजी से बिकते थे, अब ग्राहक सादा व तंबाकू युक्त पान, मेहंदी वाला पान, इलायची-सौंफ मिश्रित या घरेलू मसालों से बने पान की ओर रुख कर रहे हैं।

अयोध्या धाम में पान आदि की दुकान लगाने वाले बबलू स्वामी ने बताया पहले गुटखा वाले ग्राहक ज्यादा थे, लेकिन अब दाम दोगुने-तिगुने हो गए हैं। अब ग्राहक पान मांग रहे हैं, उनका कहना है कि स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा और जेब पर भी कम बोझ पड़ेगा। पान में मुनाफा ज्यादा होने से हमारी कमाई बढ़ी है। एक अन्य पान विक्रेता महेश सोनी कहते हैं कि जो पान मसाला पहले पांच रुपये में एक था, अब वह बढ़कर आठ रुपये का हो गया है। इसे खरीदने वालों की संख्या में कमी आई है। हम भी फुटकर के अभाव में इसे नहीं रख रहे हैं।

### पान की बिक्री में आया 40 प्रतिशत का उछाल

दामों में बढ़ोत्तरी के चलते पान के व्यापार में 40 प्रतिशत तक का उछाल आया है। अयोध्या में पान का थोक व्यापार करने वाले बिरजू चौरसिया ने बताया कि यहां पर मगही, बनारसी, कलकतिया, बांग्ला, कपूरी और सांची के साथ देसी पान की बिक्री होती है। सबसे ज्यादा मांग मगही, बनारसी पान की है। देसी पान के भी शौकीनों की संख्या कम नहीं है। बताया कि जनवरी माह तक प्रतिदिन 50 से 60 ढोलची की बिक्री होती थी। अब यह बिक्री बढ़कर 100 से ज्यादा हो गई है। बताया कि ज्यादातर पान बाहर से आते है, वहां भी डिमांड बढ़ने पर आपूर्ति मुश्किल हो रही है। वहीं, शहर के एक और थोक विक्रेता अनिल चौरसिया ने बताया कि यह बदलाव मुख्य रूप से टैक्स बढ़ोतरी का नतीजा है।

# टीईटी के विरोध में भरी हुंकार, शिक्षकों ने निकाला मार्च

## बीएसए ऑफिस में दिया धरना, गूंजा टेट काला कानून वापस लो, सौंपा ज्ञापन ▪ शिक्षक एकता जिंदाबाद का लगाया नारा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** टीईटी को लेकर टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उप्र जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ एवं उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ ने गुरुवार को हुंकार भरते हुए प्रदर्शन कर मार्च निकाला। जिले भर से हजारों की संख्या में जुटे शिक्षकों ने एकता का परिचय देते हुए टीईटी को काला कानून करार दिया। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय परिसर में धरना दिया। टेट का काला कानून वापस लो, शिक्षक एकता जिंदाबाद का नारा लगाते हुए एकत्र हुए। यहां से प्रांतीय ऑडिटर और जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय की ओर शिक्षकों ने मार्च किया। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।


टीईटी के विरोध में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी।

इस दौरान हुई सभा को संबोधित करते हुए प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा कि आरटीई अधिनियम लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने निर्णय अव्यवहारिक है। भारत सरकार टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने हेतु प्रभावी कदम उठाया जाना चाहिए। जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने कहा खेल शुरू होने के बाद नियम नहीं बदला जाता, सेवारत शिक्षक वांछित सभी सेवा सेवा शर्तों को पूरा नियुक्ति पाया है। लम्बे अरसे से शिक्षण कार्य के अनुभव को नकार कर टेट की परीक्षा की विवशता अपमानजनक है, इसे समाप्त किया जाना चाहिए।

जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव और जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी ने कहा कि प्राशिसं के उच्चतम न्यायालय के टेट अनिवार्यता के फैसले से लाखों शिक्षकों का भविष्य अंधकारमय हो रहा। जनकल्याणकारी सरकार को शिक्षकों के कल्याण हेतु यह काला कानून वापस लिया जाना चाहिए। महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष मनोरमा साहू सेवारत शिक्षकों हेतु टेट अनिवार्यता को अमानवीय बताते हुए इसकी बाध्यता समाप्त किए जाने की मांग दोहराई। सभा को वीरेंद्र भारती, चंद्रप्रकाश यादव, नीलम मंध्यान, गोपाल श्रीवास्तव, चन्दा वर्मा, सुषमा गुप्ता, हेमंत शुक्ला ने भी संबोधित किया। प्रदर्शन में धर्मेंद्र सिंह, अनुज सिंह, सत्येंद्र गुप्ता, महेंद्र यादव, अर्चना गोस्वामी समेत बड़ी संख्या शिक्षक मौजूद रहे।

### वेतन न मिलने पर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** तीन माह से वेतन न मिलने से नाराज सैकड़ों सफाई कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से काम बंद कर गुरुवार को जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने लता मंगेशकर चौक पर बैरिकेड लगाकर नारेबाजी की और बकाया वेतन की मांग की। उनका आरोप है कि अधिकारियों द्वारा हर बार आश्वासन दिया जाता रहा, लेकिन अब तक उनके खातों में एक पैसा भी नहीं पहुंचा। उन्होंने बताया कि 2 मार्च तक भुगतान का वादा किया जा रहा है, लेकिन यदि बैंक अवकाश पड़ गया तो राशि कैसे आएगी? चार मार्च को होली का पर्व है। ऐसे में सैकड़ों परिवारों के सामने त्योहार मनाने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। अपर नगर आयुक्त भारत भार्गव ने बताया कि निजी कंपनी के कर्मचारी हैं। कंपनी को दो दिन के भीतर वेतन देने का निर्देश दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बेसहारा महिला को नहीं मिला लाभ

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** नगर पंचायत गोसाईगंज के वार्ड नंबर एक बस स्टॉप कटरा की रहने वाली चंद्रावती देवी पत्नी स्व. जोखूराम कनौजिया दो वर्षों से आर्थिक तंगी में जीवन यापन कर रही हैं। उनके पति का लगभग दो साल पहले निधन हो गया था। इसके बाद से परिवार का पूरा दायित्व उन्हीं के कंधों पर आ गया। आय का कोई स्थायी स्रोत न होने के कारण उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। महिला के साथ स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जांच कर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाये जाने की मांग की है।

### 89 स्कूली बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**बारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** मिल्कीपुर विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय करमडांडा में गुरुवार को 89 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। यह परीक्षण राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग



द्वारा आयोजित किया गया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर के चिकित्सक डॉ. डीके यादव ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। शिविर के दौरान कुछ बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई गईं, जिसमें दीपिका को नाखून संबंधी, अंकुश को पथरी संबंधी और रोशनी पाठक को त्वचा संबंधी समस्या मिली। चिकित्सकों ने इन बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर बुलाया है। कैंप में चिकित्सक डॉ. एपी सिंह, नमित कुमार, प्रधानाध्यापिका कमलेश कुमारी, शिक्षक दिनेश वर्मा, शिक्षिका प्रतिमा रानी श्रीवास्तव, वंदना श्रीवास्तव, कुमारी छाया आदि मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल ने की ई-कॉमर्स पर नियंत्रण की मांग

अयोध्या कार्यालय

- सपा सांसद के प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन, पीएम से हस्तक्षेप की मांग

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि गुरुवार को सांसद अवधेश प्रसाद के आवास पहुंचे। उनके प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पीएम मोदी से फुटकर व्यापारियों के हितों की रक्षा की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि ऑनलाइन व्यापार के असंतुलित विस्तार से देश के छोटे व मध्यम व्यापारियों का व्यवसाय गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। वर्षों से स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहे दुकानदार आज अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं। व्यापार मंडल ने तर्क दिया कि असमान प्रतिस्पर्धा, भारी डिस्काउंटिंग और लॉजिस्टिक नेटवर्क के कारण पारंपरिक बाजारों की बिक्री लगातार घट रही है। व्यापारियों ने सरकार से ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के लिए स्पष्ट और कड़े नियमन, कर ढांचे में समानता और उपभोक्ता संरक्षण के साथ स्थानीय दुकानों को प्रोत्साहन देने वाली नीतियां बनाने का आग्रह किया। उनका कहना है कि संतुलित नीति से ही रोजगार और स्थानीय व्यापार दोनों सुरक्षित रहेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष कवींद्र साहनी, जिला महामंत्री रमेश चौरसिया, महानगर महामंत्री प्रेमनाथ राय, राजेश मित्तल, अजय मिश्रा, युवा जिला अध्यक्ष सौरभ सरीन, महामंत्री रवि गुप्ता सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# प्रकृति केवल आधार नहीं, हमारा अस्तित्व : प्रो. मिश्र

अयोध्या कार्यालय।

- पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय वनस्पति विज्ञान अनुसंधान संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित एक दिवसीय "मिशन जीवन जागरुकता कार्यक्रम" गुरुवार को प्रचेता भवन के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इसमें पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता के तहत पोस्टर प्रतियोगिता व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो.एसएस मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के दौर में जब जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग एक बड़ी चुनौती है। प्रकृति केवल हमारा आधार नहीं, बल्कि हमारा अस्तित्व है। सजकता ही हमारा भविष्य है।


विवि के प्रचेता भवन के सभाकक्ष में छात्रा को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो .एसएस मिश्र।

कार्यक्रम का उद्घाटन विभागाध्यक्ष पर्यावरण विज्ञान के डॉ. विनोद चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि उन वस्तुओं को लेने से मना करें जो पर्यावरण हितैषी नहीं है। प्राकृतिक संसाधनों का सीमित प्रयोग करें। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने प्लास्टिक मुक्त समाज के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि संकल्प लें कि हम अपने परिसर एवं समाज को ''सिंगल यूज प्लास्टिक'' से मुक्त रखेंगे और ऊर्जा एवं जल की बचत करेंगे। वरिष्ठ वैज्ञानिक एनबीआरआई की डॉ. अंजू पटेल, डॉ. संध्या मिश्रा एवं डॉ. वर्तिका सिंह ने खाद्य एवं उसके प्रयोग पर और सस्टेनेबल फूड पर अपना व्याख्यान पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया।

प्रो.एसएस ने प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। इसमें प्रथम पुरस्कार खुशी रस्तोगी, द्वितीय मनु तिवारी एवं तृतीय पुरस्कार स्वाति को प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अरविन्द कुमार बाजपेई ने किया। डॉ. विभा तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में डॉ. जितेन्द्र कौशल, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# वीर सावरकर के बलिदान दिवस पर किया नमन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** वीर विनायक दामोदर सावरकर के 60वें बलिदान दिवस के अवसर पर गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित पुष्पराज चौराहे पर लगी उनकी प्रतिमा पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विवेकानंद नगर के स्वयंसेवकों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। समरसता प्रमुख दिनेश जायसवाल ने कहा कि 1905 में बंगाल के विभाजन के बाद पुणे में विदेशी कपड़ों की होली जलाई, अंडमान की सेलयूलर जेल में काला पानी की सजा काटते हुए उन्होंने बंदियो को शिक्षित करने का काम भी किया।


पुष्पराज चौराहा स्थित वीर विनायक दामोदर सावरकर की प्रतिमा के समक्ष नमन करते भाजपा के नेता।

अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि हिंदू राष्ट्रवाद की राजनीतिक विचारधारा हिंदुत्व को विकसित करने का बहुत बड़ा श्रेय वीर विनायक दामोदर सावरकर को जाता है। आरएसएस के महानगर के व्यवस्था प्रमुख विवेक अग्रवाल ने कहा कि वह हिंदू समाज में प्रचलित जाति भेद एवं छुआछूत के घोर विरोधी थे। इस अवसर पर नगर कार्यवाह प्रेम प्रकाश, करिअप्पा नगर के सह कार्यवाह विनोद तिवारी, रघुनाथ, गौतम अग्रवाल, राहुल सिंह आदि मौजूद रहे।

# रामनगरी को जल्द मिलेंगे नवनिर्मित 54 आंगनबाड़ी केंद्र

अयोध्या कार्यालय।

- 16 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए अभी किया जा रहा स्थान चयन

**अमृत विचार :** रामनगरी के नन्हें-मुन्नों को पढ़ने के लिए 70 में से 54 आंगनबाड़ी केंद्र जल्द मिल जाएंगे। इनका निर्माण कार्य पूरा होने वाला है। वहीं 16 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए अभी जमीन की ही तलाश में व्यवस्था उलझी हुई है।

जिले में आंगनबाड़ी केंद्र नहीं थे। बात शासन के संज्ञान में आई इसके बाद यहां आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जाने के लिए कार्रवाई लगभग साल भर पहले शुरू की गई थी। इसके बाद नगरीय प्रशासन और विभाग ने मिलकर इस पर कार्रवाई शुरू की। कुल 70 आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जाने के लिए जमीन की खोज शुरू की गई लेकिन 54 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए स्थल का चयन किया जा चुका है। इस पर कार्यदायी संस्था नगर निगम निर्माण करवा रहा है। बताया गया है कि निर्माण कार्य लगभग पूरे होने वाले हैं। निर्माण पूरा होने के बाद इन केंद्रों में नन्हें –मुन्नों को बैठने और पढ़ाई की व्यवस्था की जाएगी। शहरी क्षेत्र में अभी 16 आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए जमीन की खोज नहीं की जा सकी है। मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण जल्द पूरा कराए जाने के साथ ही 16 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए स्थल चयन किए जाने का निर्देश दिया है।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी दबोचा

**अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली अयोध्या पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में सराय रघुनाथपुर थाना तारुन निवासी प्रशांत मौर्या ने 22 फरवरी को केस दर्ज कराया था। केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही कोतवाली अयोध्या पुलिस ने आरोपी आशु को गुरुवार को बाईपास पर बालूघाट से बैकुंठ धाम के बीच से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि आरोपी के पास से चोरी की गई बाइक बरामद हुई है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत करनपुर, वि०ख० छपिया जिला-गोण्डा।**

पत्रांक...मेमो/ऑगनबाडी भवन निर्माण/मनरेगा/2025–26 दिनॉक– 26–02–2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत करनपुर विकास खण्ड छपिया में वर्ष 2025–26 में ऑगनबाडी भवन निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है–

| क्र. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम व मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | ऑगनवाडी निर्माण कार्य (करनपुर) | 1–ईंट, सीमेंट, मोरंग, प0 गिट्टी, सरिया, लोहा, दरवाजा, खिड़की, बालू व अन्य निर्माण सम्बन्धित सामग्री। |

उपरोक्त वांछित सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो से निविदा दिनॉक 28–02–2026 को पूर्वान्ह तक ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा उसी दिन अपरान्ह 4 बजे खोली जायेगी। निविदा शर्ते कार्यालय में आकर कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

सचिव नीलम रानी | प्रधान प्रिन्स त्रिपाठी


### अभियोजन प्रकरणों की समीक्षा, दिए गए निर्देश

**अयोध्या, अमृत विचार:** अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पाण्डेय और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमित कुमार भट्ट ने अभियोजन कार्यों की समीक्षा की।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अधिकारियों ने निर्देश दिया कि न्यायालयों में लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाई जाए और प्रत्येक प्रकरण में समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अभियोजन अधिकारियों को गंभीर प्रकरणों में गवाहों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, समय से साक्ष्य प्रस्तुत करने और केस डायरी की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में गैंगेस्टर, पॉक्सो, एससी/एसटी अधिनियम सहित अन्य गंभीर आपराधिक प्रकरणों की समीक्षा की गई। मिशन शक्ति पांच के तहत महिला अपराधों से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ प्रभावी पैरवी करने पर विशेष जोर रहा।

# सैनिक बंधु की बैठक सैनिकों के कल्याण एवं पुनर्वास पर चर्चा

अयोध्या कार्यालय।

- शहीद देवेश सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**अमृत विचार:** अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडेय की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों के कल्याण, पुनर्वास और लंबित प्रकरणों पर चर्चा की गई।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिले के अमर शहीद देवेश सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक के दौरान सैनिकों से संबंधित पेंशन प्रकरण, चिकित्सा सुविधा, रोजगार, भूमि आवंटन, पारिवारिक पेंशन, आश्रितों की नियुक्ति एवं अन्य समस्याओं की समीक्षा की गई। एडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, अनावश्यक विलंब न हो।

कहा कि देश की सेवा करने वाले सैनिकों और उनके परिवारों का सम्मान एवं कल्याण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पूर्व सैनिकों को शासन से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए। पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलवाया जाए। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव कुमार ने मौजूद लोगों से कहा कि जिन भी भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिकों के सर्विस बुक में किसी भी प्रकार की त्रुटि हो, उसे समय से ठीक करा लें जिससे उन्हें सेवाओं एवं सरकारी योजनाओं का लाभ समय से मिल सके। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### मारपीट के मामले में दो पक्ष के आठ लोगों पर केस

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली बीकापुर पुलिस ने 21 फरवरी को दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ लोगों पर केस दर्ज किया है। एक पक्ष के मुकेश यादव का आरोप है कि 21 फरवरी को रात्रि भगौती नगर जा रहा था। पांडे का




पुरवा के सामने रोड पर मौजूद चौबे का पुरवा निवासी शनि व उनके साथ मौजूद 2-3 लोग अज्ञात लोगों ने गालियां देते हुए रोक लिया तथा ईंट-गुम्मा से मारने लगे। इससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। जबकि दूसरे पक्ष के चौबे का पुरवा निवासी संजय कुमार का आरोप है कि उनका छोटा भाई शनि कुमार 21 फरवरी की रात घर आ रहा था। रास्ते में गांव के ही निवासी विपक्षी मुकेश, विकास, अभिषेक तिवारी व अक्कू ने उनके भाई को मारा पीटा। प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष की तहरीर पर केस दर्ज करके जांच की जा रही है।


**International Ramayana and Vedic Research Institute**
**Ayodhya, Department of Culture**
**Uttar Pradesh, Tulsi Memorial Building, Ayodhya**

**Invites**
**NOTICE FOR INVITING TENDER**

**RFP for Supply of Printing of Table Panchang & Wall Calendar.**
The tender document can be purchase from office of IRVRI as per below given time schedule:

| | |
|---|---|
| RFP Ref. No. | 235/25 Feb 2026 |
| RFP Download Date | 27/02/2026 by 10:00 AM |
| RFP last date of submission | 09/03/2026 by 02:00 PM |
| RFP opening date | 09/03/2026 by 03:00 PM |
| Tender Fee | 1180/- to be submitted through NEFT/ RTGS<br>Account No.: 30412408838<br>IFSC Code: SBIN0002510 |
| Earnest Money | 50,000/- to be submitted through NEFT/RTGS<br>Account No.: 30412408838<br>IFSC Code: SBIN0002510 |
| Estimate Cost | The indicative value of project cost is 10 Lacs with GST |
| Bid Validity | 90 days |
| JV or Consortium | Not Allowed |
| Venue | Director<br>International Ramayana and Vedic Research Institute, Department of Culture, Uttar Pradesh, Tulsi Memorialn Building,<br>Ayodhya Uttar Pradesh 224123 |
| Selection Criteria | LCS - Least Cost Selection (Contract is awarded to the bidder offering the least cost among the technically qualified bidders). The L-1, shall be declared as successful bidder. |
| Tender document may also be downloaded from the official website. | https://ayodhya.org.in/ |

**Any RFP submitted after the deadline or without EMD will be rejected.**

**Director**
**International Ramayana and Vedic Research Institute**
**Department of Culture,**
**Uttar Pradesh, Tulsi Memorial Building,**
**Ayodhya Uttar Pradesh 224123**
**Email at: ayodhyaresearch1986@gmail.com**


# चिकित्सालयों में स्थापित किया जाएगा कोल्ड रूम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया की अध्यक्षता में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. पीसी भारती जिला सर्विलांस अधिकारी ने हीट वेव से स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव ,जोखिम, लक्षण, रोकथाम एवं इलाज एवं जनजागरूकता बढ़ाने के तरीकों की जानकारी दी। सभी चिकित्सालयों में हीट वेव हेतु कोल्ड रूम स्थापित करने करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि कैसे सामान्य उपायों को अपनाकर बच्चों और बुजुर्गों को हीट वेव होने प्रभाव से काफी हद तक बचाया जा सकता है। साथ ही लेप्टोस्पायरोसिस के फैलने के कारणों, बचाव के उपायों एवं जाँच की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ.अरविंद श्रीवास्तव ने हीट वेव की आई एच आई पी पोर्टल पर रिपोर्टिंग हेतु बताया। इस कार्यशाला में सीएचसी से अधीक्षक एवं बीपीएम ने प्रतिभाग किया।

इस कार्यशाला का समन्वय अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीएन यादव डिप्टी सीएमओ डॉ. पी. के. गुप्ता, डीपी सिंह, डॉ. सद्दाम खान, डीसीपीएम अमित कुमार, कुलदीप सिंह डाटा एंट्री ऑपरेटर द्वारा किया गया।

# अयोध्या में 38,304 बेटियों को मिला लाभ

अयोध्या कार्यालय

**मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना**

- बालिकाओं के भविष्य के लिए 10 करोड़ 79 लाख 57 हजार रुपये का अनुदान स्वीकृत

**अमृत विचार:** जिले को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 38,304 बेटियों को लाभ प्रदान किया गया है। योगी सरकार बालिकाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस कदम से हजारों परिवारों को आर्थिक सहारा मिला है और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को नई मजबूती प्रदान हुई है।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक प्रमुख कल्याणकारी योजना है। इसकी शुरुआत 25 अक्टूबर 2019 को हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करना, कन्या भ्रूण हत्या रोकना, बाल विवाह समाप्त करना, लिंग अनुपात सुधारना तथा बेटियों की शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश करना है। योजना के तहत पात्र परिवारों को बेटी के जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक कुल 25,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि छह चरणों में एकमुश्त दी जाती है, जो बालिका के जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों से जुड़ी होती है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी



तिवारी ने बताया कि जिले में हाल ही में स्वीकृत 10 करोड़ 79 लाख 57 हजार रुपये के अनुदान से 38,304 बेटियों को लाभ मिला है। यह संख्या जिले में योजना की लोकप्रियता और प्रभावी क्रियान्वयन को दर्शाती है। जिले के हजारों परिवार अब बेटियों के भविष्य को लेकर अधिक आशान्वित हैं। शिक्षा के क्षेत्र में यह सहायता स्कूल प्रवेश, टीकाकरण और उच्च शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करती है।

# अश्लील वीडियो बनाकर ठगी करने में तीन गिरफ्तार

## प्रतापगढ़ निवासी की गाड़ी बुककर सुलतानपुर में तीन दिन तक बंधक बनाकर फोन पे व बैंक से निकाले 4.37 लाख रुपये

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गाड़ी बुकिंग के बहाने चालक को जाल में फंसाकर बंधक बनाने, अश्लील वीडियो तैयार करने और लाखों रुपये हड़पने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी शमीम ने बताया कि 25 जनवरी को रामगंज थाना क्षेत्र के विष्णुपुर निवासी मकसूद ने उसकी गाड़ी बुक की। प्रतापगढ़ आने-जाने के बाद 28 जनवरी को एक महिला को रानीगंज से सुलतानपुर छोड़ने के बहाने बुलाया गया। सुलतानपुर पहुंचते ही 4-5 लोगों ने उसे कमरे में बंद कर मारपीट की, कपड़े उतरवाकर अश्लील वीडियो बनाया और असलहे की नोक पर उसके मोबाइल से 1,07,520 रुपये ट्रांसफर करा लिए। बाद में बैंक ऑफ बड़ौदा ले जाकर खाते से 3.30 लाख रुपये भी निकलवा लिए गए। आरोपियों ने पांच लाख रुपये और मांगते हुए उसे बंधक बनाए रखा।

30 जनवरी को चालक किसी तरह भाग निकला और 20 दिन बाद तहरीर दी। कोतवाली देहात प्रभारी धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने मकसूद निवासी विष्णुपुर थाना रामगंज जिला अमेठी व कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के लाहियाजलपापुर गांव निवासी इमरान अली और गालिब हुसैन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से तीन एंड्रॉयड फोन बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार मकसूद पर पहले से भी मुकदमा दर्ज है। तीनों को न्यायालय से जेल भेज दिया गया है।

> मो. शमीम की शिकायत पर मकसूद व उसके अन्य साथियों पर मुकदमा दर्ज कर मकसूद निवासी प्रतापगढ़ व उसके साथी इमरान व गालिब निवासीगण सुलतानपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला साथी की गिरफ्तारी को टीम लगी है। पैसे होल्ड करने के लिए बैंक से संपर्क किया गया है। जांच की जा रही है। **– चारू निगम, पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर**

### शिक्षामित्र पर छात्रा से अश्लील हरकत का आरोप, जांच शुरू

- **बीएसए ने मानदेय रोकते हुए बैठाई जांच, पुलिस भी कर रही मामले की जांच**

**भदैंया, सुलतानपुर :** कोतवाली देहात क्षेत्र के दूबेपुर ब्लॉक स्थित एक परिषदीय विद्यालय में कक्षा दो की छात्रा ने एक शिक्षामित्र पर अश्लील हरकत का आरोप लगाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, घटना 14 फरवरी की है। आरोप है कि शिक्षामित्र ने छात्रा के साथ अनुचित स्पर्श किया और उसके गाल पर दांत से काट लिया। छात्रा के पिता ने पहले विद्यालय के प्रधानाध्यापक से मौखिक शिकायत की, लेकिन कार्रवाई न होने पर 23 फरवरी को लिखित शिकायत दी। इसके बाद प्रधानाध्यापक ने मामले की सूचना जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) को दी। बीएसए उपेंद्र गुप्ता के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) रामतीरथ वर्मा ने बुधवार को विद्यालय पहुंचकर जांच की। उन्होंने छात्रा के पिता और प्रधानाध्यापक के बयान दर्ज किए तथा अपनी रिपोर्ट बीएसए को सौंप दी है। जांच के दौरान देहात कोतवाली पुलिस भी विद्यालय पहुंची और जानकारी जुटाई। बीएसए ने संबंधित शिक्षामित्र का मानदेय तत्काल प्रभाव से रोकते हुए नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई ग्राम शिक्षा समिति द्वारा की जाएगी और जांच के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। वहीं, अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपित शिक्षामित्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे विधिक कार्यवाही जारी है।

### 4 मार्च को होगी होली, 2 मार्च देर रात निर्धारित हुआ होलिका दहन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पंडित कृष्णकांत मालवीय के मुताबिक आगामी चंद्र ग्रहण को देखते हुए इस वर्ष रंगभरी होली का पर्व पारंपरिक समय से एक दिन बाद मनाया जाएगा। श्री मालवीय ने बताया 3 मार्च 2026 को शाम 6रू45 बजे तक चंद्र ग्रहण की व्याप्ति रहने के कारण इस दिन रंग खेलने का शास्त्रानुकूल मत नहीं है। उन्होंने बताया कि होलिका दहन 2 मार्च की रात्रि में भद्रा समाप्ति के बाद, रात्रि 1:30–1:45 बजे से लेकर सूर्योदय से पूर्व तक किया जा सकता है। किंतु ग्रहण काल के प्रभाव के चलते 3 मार्च को रंग खेलना वर्जित रहेगा। पंडित मालवीय ने कहा कि शास्त्र मत के अनुसार रंगभरी होली 4 मार्च को खेलना उचित, अनुकूल और सर्वमान्य होगा। अतः इस वर्ष होली उत्सव का मुख्य रंगोत्सव 4 मार्च को ही मनाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पेड़ से टकराई बाइक युवक की मौत

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा महिलो आशापुर स्थित मुरली का पुरवा के पास हुआ।कोतवाली देहात क्षेत्र के रमऊ का पुरवा निवासी अखिलेश मिश्रा पुत्र उमाकांत मिश्रा अपने साथी अंकुल तिवारी पुत्र जयप्रकाश तिवारी के साथ बाइक से कटका मायंग मार्ग होते हुए मायंग की ओर जा रहे थे। रात करीब 10 बजे उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस से दोनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने अखिलेश को मृत घोषित कर दिया। वही अंकुल की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने बाइक कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### आबकारी टीम ने 22 ली. शराब बरामद की

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** होली पर्व के मद्देनजर विशेष अभियान के तहत आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने गोपीनाथपुर गांव में दबिश देकर 22 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की और 140 किलो लहन नष्ट कर मुकदमा दर्ज किया। टीम ने शराब दुकानों व ढाबों का निरीक्षण कर क्यूआर कोड व स्टॉक की जांच की, कोई गड़बड़ी नहीं मिली।

### सुलतानपुर के युवक की सूरत में हुई मौत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर क्षेत्र के महादेवपुर गांव निवासी 36 वर्षीय भैया राम वर्मा की गुजरात के सूरत शहर में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक का शव गांव पहुंचते ही गांव शोक की लहर दौड़ गई वही परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार भैया राम वर्मा पुत्र राम अकबाल वर्मा सूरत में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत थे। बताया जाता है कि वह बीते मंगलवार को सड़क किनारे ट्रक खड़ा कर उसका पिछला टायर चेक कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार पल्सर बाइक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भैया राम की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मृतक का पोस्टमार्टम सूरत के सिविल अस्पताल में कराकर शव एंबुलेंस से गांव लाया गया। पत्नी अनीता वर्मा सहित परिजन गहरे सदमे में हैं। वही गांव में शोक का माहौल है।

# चिकित्सक हत्याकांडः अभियोजन की बहस पूरी



- **बचाव पक्ष की बहस जारी, मामले में कोर्ट जल्द सुनाएगी फैसला**

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** चर्चित चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड मामले में गुरुवार को अभियोजन पक्ष ने अपनी बहस पूरी की। कोर्ट में भारी सुरक्षा के बीच वादिनी निशा तिवारी अभियोजन की तरफ से अपने अधिवक्ता संतोष पांडेय के साथ अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संन्ध्या चौधरी की अदालत में हाजिर हुई। उनके अधिवक्ता ने अभियोजन की ओर से पेश आठ गवाहों के बयान आदि पर तर्क पेश करते हुए आरोपियों को कड़ी सजा देने की बात कहते हुए अपनी बहस पूर्ण की।

वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने अपने तर्क रखते हुए आरोपियों को बेकसूर बताते हुए बहस की पर बहस पूर्ण न होने से कोर्ट ने बचाव पक्ष के शेष बहस के लिए शुक्रवार की तारीख नियत की है। शास्त्री नगर, कोतवाली नगर की रहने वाली वादिनी निशा तिवारी ने 23 सितंबर 2023 की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें उनके पति घनश्याम तिवारी की हत्या का आरोप लगाया गया था। मामले में पुलिस ने नारायनपुर गांव निवासी जगदीश नारायण सिंह, विजय नारायण सिंह, अजय नारायण सिंह तथा धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग निवासी दीपक सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। विचारण के दौरान आरोपी विजय नारायण सिंह और जगदीश नारायण सिंह की मृत्यु हो चुकी है, जबकि अजय नारायण सिंह और दीपक सिंह के विरुद्ध विचारण जारी है। मामले में बहस की कार्रवाई लगातार प्रगति पर है।

### पूर्व एमएलसी दीपक सिंह के मामले में कांस्टेबल की गवाही हुई दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अमेठी के गौरीगंज में आठ वर्ष पूर्व अगस्त क्रांति दिवस पर सड़क जामकर धरना-प्रदर्शन करने के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल समेत 11 कांग्रेसियों के केस में गुरुवार को अभियोजन गवाह कांस्टेबल मनीष कुमार की गवाही विशेष कोर्ट एमपी-एमएलए शुभम वर्मा की अदालत में दर्ज की गई जिनसे बचाव पक्ष ने जिरह की। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 9 मार्च की तारीख नियत की है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय के मुताबिक नौ अगस्त 2017 को अमेठी के तत्कालीन कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेंद्र मिश्र की अगुवाई में कांग्रेसियों ने अमेठी के गौरीगंज में जिला मुख्यालय पर अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया था। आरोप है कि कांग्रेसियों ने जामो तिराहे पर सड़क जामकर प्रदर्शन किया था। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी की और सड़क जाम कर दिया था। इससे यातायात ठप हो गया था। गौरीगंज थाने के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पांडेय ने 27 नामजद और सौ अज्ञात कांग्रेसियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पूर्व एमएलसी दीपक सिंह समेत 11 के विरुद्ध कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था।

### पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी प्रकरण में 11 मार्च को होगी बहस

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कादीपुर के पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी एवं अन्य आरोपियों से जुड़े प्रकरण में गुरुवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा के अनुसार अदालत ने मामले में बहस की अगली तिथि 11 मार्च निर्धारित की है। गौरतलब है कि 17 दिसंबर 2002 को कादीपुर स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सामने सड़क दुर्घटना में छात्रा पूनम श्रीवास्तव की मौत हो गई थी। आरोप है कि घटना से आक्रोशित होकर पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी, अभिषेक सिंह राणा, रामार्य पाठक सहित 14 लोग कादीपुर कोतवाली पहुंचे और पुलिस टीम पर हमला व तोड़फोड़ की। तत्कालीन कोतवाल शिवराज सिंह की तहरीर पर तत्कालीन क्षेत्राधिकारी विजय नारायण की विवेचना में 14 आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

### हमले के आरोपी की रिहाई का दिया आदेश

कोतवाली देहात के कुछमुछ तकिया निवासी जानलेवा हमले के आरोपी निजामुद्दीन को न्यायाधीश संध्या चौधरी ने जमानत दी है। आरोपी के वकील अरविन्द सिंह राजा ने अर्जी पेश कर आरोपों को निराधार बताया। एक अप्रैल 2023 की रात हुई घटना में खलीकुन निशा और उसके पुत्र मोनू को लाठी डंडे व बांका से मारपीट कर घायल कर दिया गया था। पारिवारिक विवाद में लड़की सबीना की ससुराल में बातचीत करने गई उसकी मां खलीकुन और भाई मोनू पर हमला करने के आरोप में सैनुद्दीन, इसरार, मैनुद्दीन आदि पर मुकदमा दर्ज हुआ था।

### अपहरण और दुष्कर्म में आरोपी दोषसिद्ध

- **पॉक्सो कोर्ट दोषी को आज सुनायेगी सजा**

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अमेठी जिले के कमरौली थानाक्षेत्र के एक गांव में चार साल पूर्व 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण व दुराचार करने के आरोप में विशेष पॉक्सो कोर्ट न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने आरोपी साहिल को दोषी ठहराकर जेल भेज दिया। जिसे जेल से तलब कर शुक्रवार को सजा सुनाई जाएगी। विशेष लोक अभियोजक विवेक सिंह के मुताबिक चार साल पूर्व दर्ज हुए केस मे पीड़िता के परिजन ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने पीड़िता का अपहरण कर दुष्कर्म जैसी वारदात को अंजाम दिया। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गए गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराकर जेल भेज दिया है जिसको शुक्रवार जेल से तलब कर को सजा सुनाई जायेगी।

# घर में लगी आग से लाखों का नुकसान

बल्दीराय, सुलतानपुर



नुकसान का आकलन करने पहुंची राजस्व टीम। ● अमृत विचार

- **लेखपाल ने मौके का निरीक्षण कर नुकसान का किया आकलन**

**अमृत विचारः** सदर तहसील क्षेत्र के धनपतगंज ब्लॉक अंतर्गत केवटली ग्राम पंचायत के पूरे दत्ता राय निवासी राज नारायण कोरी पुत्र रामकिशोर कोरी के घर में आधी रात अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। हादसे में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

आग की चपेट में आकर तीन बकरियां झुलसकर मर गईं, जबकि एक अन्य मवेशी गंभीर रूप से झुलस गया। आग बुझाने के प्रयास में परिवार के तीन लोग भी झुलस गए। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची, हालांकि उससे पहले ग्रामीणों ने एकजुट होकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गुरुवार को हल्का लेखपाल कमलेश ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया और रिपोर्ट उपजिलाधिकारी बल्दीराय प्रवीण कुमार को सौंपने की बात कही। बसपा नेता हंसराज भारती ने बताया कि पीड़ित परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

### सड़क हादसे में घायल अधेड़ की मौत, मुकदमा दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बेलवाई-हलियापुर मार्ग पर गुरुवार की रात हुए सड़क हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गोल्हनापारा गांव निवासी राम माया सिंह (50) गांव में आई एक बारात में निमंत्रण देने पैदल जा रहे थे। सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोट आई। इलाज के दौरान जिला अस्पताल अंबेडकरनगर में उनकी मृत्यु हो गई। बेटे ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आईजीआरएस निस्तारण में लंभुआ बेस्ट

लंभुआ, सुलतानपुर



लंभुआ तहसील में निरीक्षण करते मंडलायुक्त अयोध्या। ● अमृत विचार

- **मंडलायुक्त ने किया कई कार्यालयों का निरीक्षण**

**अमृत विचारः** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राजेश कुमार (मंडलायुक्त, अयोध्या) ने गुरुवार को तहसील लंभुआ का निरीक्षण किया। एसडीएम गामिनी सिंगला ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। मंडलायुक्त ने तहसील के विभिन्न पटलों, नायब तहसीलदार न्यायालय तथा अदालत कक्षों का निरीक्षण कर फाइलों के रखरखाव और कार्यप्रणाली की समीक्षा की।

उन्होंने आईजीआरएस के 94 प्रतिशत निस्तारण पर संतोष व्यक्त करते हुए लंभुआ को मंडल में "बेस्ट परफॉर्मेंस" बताया। इससे पूर्व अपर आयुक्त प्रशासन अजयकांत सैनी ने भी विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार प्रांजल, सीओ ऋतिक कपूर, कोतवाली प्रभारी धीरज कुमार और ईओ अमित सिंह मौजूद रहे। इसी दौरान भाजपा नेत्री रेखा बरनवाल ने रामनगर मोहल्ले में बन रहे वेंडिंग जोन से आवागमन बाधित होने की शिकायत मंडलायुक्त से की। उन्होंने निर्माण कार्य रोकने की मांग की। मंडलायुक्त ने मामले की जांच के निर्देश दिए। अन्य फरियादियों ने भी अपनी शिकायत प्रस्तुत कीं। डीएम कुमार हर्ष समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवती की मौत

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गुरुवार भोर में सुलतानपुर-जफराबाद रेलखंड पर एक दर्दनाक हादसे में लगभग 22 वर्षीय अज्ञात युवती की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब वाराणसी की ओर से लखनऊ जा रही चंडीगढ़ एक्सप्रेस गुजर रही थी। जानकारी के अनुसार सुबह करीब तीन बजे ब्लॉक रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग से लगभग 100 मीटर पहले पोल संख्या 892/2931 के पास युवती ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसा इतना भीषण था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन चालक ने तत्काल लंभुआ स्टेशन मास्टर को सूचना दी, जिसके बाद रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। रेलवे पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में शव को सुल्तानपुर जीआरपी को सुपुर्द कर पहचान की प्रक्रिया शुरू की गई।

# डीसी एनआरएलएम ने लिया मोतिगरपुर ब्लॉक का जायजा

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला समन्वयक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के डीसी के.डी. गोस्वामी ने गुरुवार को मोतिगरपुर ब्लॉक का औचक निरीक्षण कर विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीसी रूम, पंचायत कार्यालय, मनरेगा सेल तथा एनआरएलएम डेस्क का भ्रमण कर अभिलेखों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने कार्यालय परिसर, शौचालय और कक्षों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए नियमित स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। टूटे फर्नीचर को दुरुस्त कराने तथा खुले में रखी बैटरियों पर सुरक्षा कवर लगाने को कहा। वरिष्ठ सहायक पटल पर जीपीएफ और सर्विस पासबुक अद्यतन न मिलने पर एक सप्ताह में अभिलेख दुरुस्त करने के निर्देश दिए। डीसी ने स्वयं सहायता समूहों की प्रगति, बैंक लिंकिंग, सीआईएफ वितरण, मनरेगा मास्टर रोल, जीपीडीपी दस्तावेज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सूची और वित्तीय ऑडिट रजिस्टर की भी जांच की। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव और कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

**भ्रष्टाचार** | 43 करोड़ के आरओबी की गुणवत्ता पर लग रहे सवालिया निशान

# 7 महीने में दूसरी बार धंसी हनुमानगंज बाईपास की सड़क

भदैंया, सुलतानपुर



बाईपास की धंसी सड़क का मरम्मत शुरू। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** हनुमानगंज बाईपास पर बनी फोरलेन सड़क सात महीने के भीतर दूसरी बार धंस जाने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यह मार्ग सुलतानपुर-वाराणसी फोरलेन हाईवे का हिस्सा है।

मंगलवार को रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) की पूर्वी पटरी शंभूगंज लिंक रोड के पास टूट गई, जिससे आवागमन प्रभावित हो गया। जानकारी के अनुसार हनुमानगंज बाईपास पर करीब 43 करोड़ रुपये की लागत से आरओबी का निर्माण कराया गया था। इस बाईपास का उद्घाटन 15 जुलाई 2023 को किया गया था। इसके मात्र 50 दिन बाद ही गोपालपुर के पास सड़क की एक लेन धंस गई थी, जिसे मरम्मत कर चालू किया गया था। अब एक बार फिर सड़क धंसने की घटना सामने आने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है और परियोजना की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। बताया गया है कि निर्माण कंपनी की ओर से इस सड़क और पुल के लिए दस साल की मेंटेनेंस गारंटी दी गई है। हालांकि, बार-बार सड़क धंसने की घटनाओं से लोगों का भरोसा कमजोर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकारी मेंटेनेंस गारंटी का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से बचते नजर आ रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के मेंटेनेंस विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया। धंसे हुए हिस्से को काटकर हटाया जा रहा है और सुरक्षा के लिहाज से प्रभावित लेन पर बैरियर लगाकर यातायात रोक दिया गया है। तेज रफ्तार वाहनों के चलते मौके पर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

एनएचएआई के सहायक कार्यकारी मैनेजर प्रवीन कटियार ने बताया कि परियोजना निर्माण कंपनी की दस साल की मेंटेनेंस गारंटी है। जहां सड़क धंसी है, उसे ठीक कराया जा रहा है और मरम्मत पूरी होते ही आवागमन बहाल कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस आरओबी को वर्ष 2015 में स्वीकृति मिली थी और 2016 में निर्माण कार्य शुरू हुआ था। इसके बाद 2020 में लगभग 1.26 किलोमीटर लंबे आरओबी का निर्माण शुरू कराया गया था। लंबे इंतजार के बाद बने इस बहुप्रतीक्षित बाईपास पर बार-बार धंसाव की घटनाएं अब लोगों के लिए चिंता का विषय बन गई हैं।

### टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने को पीएम को भेजा ज्ञापन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** टीचर फेडरेशन आफ इंडिया के तत्वावधान में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में चल रहा चरणबद्ध आंदोलन बुधवार को तीसरे चरण में पहुंच गया। स्थानीय तिकोनिया पार्क में एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसके बाद शिक्षकों ने जुलूस निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च किया और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संगठनों ने केंद्र सरकार से अध्यादेश लाकर पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट देने की मांग की। चेतावनी दी गई कि मांगें न मानी गईं तो आंदोलन और व्यापक होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम INAMULLAH था से बदलकर INAMULLAH KHAN रख लिया हूं अब मुझे INAMULLAH KHAN नाम से जाना व पहचाना जाए **S/0-KARAMULLAH ADD-SIKHAR KOHDA TAHSEEL DUMARIYAGANJ PO-HALLAUR DIST-SIDDHARTH NAGAR-272191(U.P)**

**सूचना**
भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रथम रायबरेली द्वारा 28-12-2005 को जारी पालिसी संख्या 215576957 और बीमा धन एक लाख में धर्मेन्द्र कुमार हो गया, जबकि अभिलेखों में रमेश कुमार है। उपरोक्त पालिसी में धर्मेन्द्र कुमार के स्थान पर रमेश कुमार अंकित किया जाये। रमेश कुमार पुत्र जागेश्वर ग्राम पूरे पंडित पोस्ट मेल्थुआ, जिला रायबरेली

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम Mohd Ansar Khan था अब मैने बदलकर अपना नाम ANSAR KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे ANSAR KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाए **S/O Ishshan Khan R/O H No-77, Kalakhel, Gird Kaimganj, Farrukhabad, Uttar Pradesh 209502, Have Changed My Name to Ansar Khan for All Future Purposes.**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे हाई स्कूल अंक पत्र में मेरा नाम अखिल यादव AKHIL YADAV S/O BHANU PRATAP YADAV अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या-957444346690 में मेरा नाम आशु कुमार यादव ASHU KUMAR YADAV S/O BHANU PRATAP YADAV अंकित है। जो गलत है। मेरा सही नाम अखिल यादव AKHIL YADAV S/O BHANU PRATAP YADAV निवासी ग्राम दुर्गाखेडा, (अटहरी), पोस्ट व थाना अजगैन, तहसील हसनगंज, जिला उन्नाव है **अतः मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायें**

**सूचना**
मैं चन्द्रावती पत्नी हजारी लाल निवासी रामगंज बाजार पो. मोहगंवा जिला रायबरेली की निवासी हूं। मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 236703489 है। पालिसी में नाम चन्द्रावती लिख गया है जबकि बैंक खाता और आधार कार्ड में इन्द्रावती है। पालिसी में नाम इन्द्रावती किया जाये। दोनों नाम मेरे ही है।

**सूचना**
मैं अजय कुमार सोनी सुत राम प्रकाश सोनी निवासी हनुमानगढ़ी की गली राजामार्केट पारकीन्सगंज चौक सुलतानपुर थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर- 228001 में मेरा नाम आधार कार्ड पैन कार्ड में अजय कुमार सोनी (AJAY KUMAR SONI) लिखा है, जो सही है, जबकि मेरे हाईस्कूल की अंकपत्र प्रमाणपत्र में मेरा नाम राज सोनी (RAJ SONI) लिखा है जो गलत है. अतः मुझे अजय कुमार सोनी (AJAY KUMAR SONI) के नाम से जाना व पहचाना जायें

**सूचना**
सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे तीन लडके हैं शिव कुमार, संजय कुमार, अमित कुमार हैं जिसमे बडा लडका शिव कुमार का चाल चलन ठीक नही है बुरी संगत कृत्य मे लिप्त रहने पर मै अपने बडे पुत्र शिव कुमार को अपने सभी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं आज से उक्त लडके के क्रिया कलापों व लेनदेन से मुझसे कोई वास्ता व सरोकार नही है शपथी अतर सिंह पुत्र रामहेत निवासी ग्राम राजाजोत मौजा बासूपुर थाना गैंडास बुजुर्ग, तहसील उतरौला – बलरामपुर

**Notice**
Delisha Anwar daughter of Late Sabir Siddiqui is now to be know as Dalisha Anwar Siddiqui, as her name has been corrected in the school records. As it was a manual error done by her parents.

**Notice**
I Mohammad wafi Ansari s/o Mohammad Akhtar r/o Khatrana road near champa devi Raebareli U.P. Have change my name and shall hereafter be known Mohd Wafi Anshari s/o Mohd Akhtar

**Notice**
I MOHAMMAD AKHTAR S/O MOHADMMAD AMIM R/O khatrana Road Near Champa devi Raebareli U.P have change my name and shall hereafter be known MOHD AKHTAR S/O MOHD AMIM

**सूचना**
मैं, राम नायक पुत्र स्व. राम अधार, निवासी: ग्राम सागरपट्टी पंथिला, मिल्कीपुर, अयोध्या सूचित करता हूँ कि मेरे पिता के सर्विस रिकॉर्ड (MES-441618) में मेरी जन्मतिथि गलतवश 16/02/1982 अंकित है, जबकि सही जन्मतिथि 01/01/1985 है। भविष्य में मुझे सही तिथि 01/01/1985 से ही जाना जाए।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम सलमान पुत्र इरशाद से बदलकर जुलफेकार पुत्र इरशाद रख लिया अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। जुलफेकार पुत्र इरशाद पता- ख्वाजापुर थाना- सलोन जनपद -रायबरेली उ0प्र0

### न्यूज ब्रीफ

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**गोंडा, अमृत विचार :** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली देहात प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि स्थानीय थाना क्षेत्र के डोमा अहलाद गोगिया गांव के रहने वाली सुनीता (30) पत्नी राहुल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। घटना को लेकर परिजनों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इधर, मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मृत्यु के कारण का सही पता चल सकेगा।

# कस्तूरबा की बेटियां करेंगी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाली बेटियां अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की पढ़ाई भी करेंगी। इसके लिए सभी 16 स्कूलों में एआई लैब तैयार किए जा रहे हैं। लैब से संबंधित सभी उपकरण स्कूलों को उपलब्ध करा दिए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इसका शुभारंभ होगा। इसको लेकर बेसिक शिक्षा विभाग तैयारी में जुटा है।


अंकिता जैन, सीडीओ


बेलसर के कस्तूरबा गांधी स्कूल में तैयार एआई लैब। अमृत विचार

- **सभी 16 स्कूलों में तैयार कराए जा रहे एआई लैब, तकनीक में दक्ष बनेंगी छात्राएं**

जिले में गरीब एवं वंचित वर्ग की बालिकाओं को निशुल्क आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 17 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय संचालित हैं। प्रत्येक विद्यालय में 100 छात्राओं का नामांकन है। यहां कक्षा 6 से 8 तक की पढ़ाई के साथ रहने-खाने की सुविधा, कौशल विकास प्रशिक्षण और आत्मरक्षा की शिक्षा भी दी जाती है। सभी स्कूलों में पहले से कंप्यूटर लैब स्थापित हैं। अब सरकार ने इन स्कूलों में एआई लैब विकसित करने का निर्देश दिया है ताकि बदलते समय में सरकारी स्कूल की बेटियां भी तकनीकी शिक्षा से वंचित न रहें। अब इन स्कूलों में एआई लैब बनाकर बेटियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढाई भी कराई जायेगी। एआई लैब व स्मार्ट क्लास के लिए प्रत्येक स्कूल को चार कंप्यूटर व प्रोजेक्टर मिले हैं। 6 कंप्यूटर स्कूलों से पास पहले से हैं। अधिकतर स्कूलों में लैब बनकर तैयार हो चुका है। कुछ स्कूलों में कुछ काम शेष रह गया है उसे भी पूरा कराया जा रहा है। बालिका शिक्षा जिला समन्वयक रक्षांदा सिंह का कहना है कि एआई लैब स्थापना का कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि पहले से स्थापित कंप्यूटर लैब के साथ अब एआई लैब जुड़ने से छात्राओं को आधुनिक तकनीकी ज्ञान भी मिलेगा।

### एआई से प्रभावी होगी पढ़ाई

एआई लैब के माध्यम से छात्राएं डिजिटल लर्निंग, कोडिंग की प्रारंभिक समझ, डेटा विश्लेषण की बुनियादी जानकारी और स्मार्ट एप्लीकेशन के उपयोग की जानकारी प्राप्त करेंगी। एआई आधारित लर्निंग टूल से विषयों को समझाना आसान होगा तथा व्यक्तिगत क्षमता के अनुसार सीखने का अवसर मिलेगा। इस तकनीक के माध्यम से छात्राओं में रचनात्मकता और तार्किक क्षमता का विकास होगा तथा भविष्य की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं व तकनीकी क्षेत्रों में बेहतर संभव होगी।

> तकनीक की बदलती दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की जानकारी जरूरी है। इसे देखते हुए कस्तूरबा विद्यालयों में पढ़ने वाली बेटियों के लिये स्कूलों में एआई लैब तैयार कराए जा रहे हैं। प्रत्येक स्कूल को चार कंप्यूटर व प्रोजेक्टर दिए गए हैं। लक्ष्य बेटियों को पढ़ाई के साथ साथ तकनीकी शिक्षा में भी दक्ष बनाना है ताकि भविष्य में वह किसी भी क्षेत्र में पीछे न रहें।
> **- अंकिता जैन, सीडीओ**

## ई-रिक्शा पलटने से महिला का पैर टूटा

**धानेपुर, गोंडा :** थाना धानेपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ई-रिक्शा के पलटने से एक महिला का पैर टूट गया। जिला अस्पताल में महिला का इलाज चल रहा है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के निरंजन नगर निवासी श्रवण कुमार के मुताबिक उसकी पत्नी सीतापति 12 जनवरी को ई रिक्शा से धानेपुर बाजार जा रही थी। रास्ते में बखरवा गांव के समीप ई रिक्शा अचानक पलट गया और उसकी पत्नी रिक्शे के नीचे दब गयी जिससे उसका पैर टूट गया। हादसे के बाद चालक ने इलाज में लगने वाले खर्च की भरपाई का वादा किया था लेकिन अब रुपये देने से इंकार कर रहा है।

# टेढ़ी नदी में युवक का शव मिलने से सनसनी

## एक सप्ताह से लापता था संजय कुमार, मौत के कारणों का नहीं हो सका खुलासा, मौके पर पहुंची पुलिस

### हत्या की आशंका

कटरा बाजार, गोंडा

**अमृत विचार:** कौड़िया थाना क्षेत्र के रामपुर के पास टेढ़ी नदी में गुरुवार को एक व्यक्ति का शव उतराता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान बसभरिया गांव निवासी संजय कुमार (पुत्र किशोरी लाल) के रूप में हुई है। परिजनों ने मामले में हत्या की आशंका जताई है। परिवार के अनुसार संजय कुमार करीब एक सप्ताह पूर्व घर से सब्जी लेने निकले थे, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लगा। मृतक की पत्नी रेखा ने पति के लापता होने की सूचना स्थानीय थाने में दी थी, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की थी। गुरुवार को रामपुर स्थित टेढ़ी नदी में शव उतराता देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पहचान कराई। अपराध निरीक्षक राधेश्याम यादव ने बताया कि रामपुर की टेढ़ी नदी में एक व्यक्ति का शव मिला है, जिसकी पहचान संजय कुमार के रूप में हो चुकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।


संजय कुमार।

# पेड़ से लटका मिला छात्र का शव

### जांच-पड़ताल शुरू

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** खरगूपुर थाना क्षेत्र के रजनपुर इच्छा पूरवा गांव में बुधवार शाम एक किशोर का शव पेड़ से लटकता मिला। मृतक की पहचान गुलशन कुमार (14 वर्ष) के रूप में हुई है, जो गांव के परिषदीय स्कूल में कक्षा 6 का छात्र था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है, क्योंकि शव के बांए भौंह में चोट के निशान थे और बायां कान कटा हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुटी है। सीओ आनंद राय ने घटनास्थल का जायजा लिया और परिजनों से बात की।

गुलशन कुमार के परिवार में माता-पिता और एक छोटी बहन है। उसके पिता पिंटू मुम्बई में मजदूर का काम करते हैं। वह अपने परिवार का एकलौता बेटा था। परिवार के पास जमीन जायदाद नहीं है, मेहनत मजदूरी से घर चलता है।

मृतक के बाबा हनोमान का आरोप है कि गुलशन की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जल्द ही सच का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## परीक्षा केंद्र पर छात्रों के मोबाइल चोरी

**धानेपुर, गोंडा:** धानेपुर थाना क्षेत्र के स्व माता बदल इंटर कालेज में बृहस्पतिवार को परीक्षा देने गए चार छात्रों का मोबाइल फोन चोरी हो गया। देहात कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम परसा सोहसा के रहने वाले छात्रों ने परीक्षा केंद्र से मोबाइल फोन चोरी होने की शिकायत थाने पर की है। पीडत छात्र चांद बाबू, एजाज, आशिक अली व कमरुद्दीन के मुताबिक परीक्षा के दौरान उन्होंने अपना मोबाइल फोन बाइक की डिग्गी में रख दिया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद जब वह वापस लौटे तो बाइक की डिग्गी खुली मिली और मोबाइल फोन गायब मिला। पीड़ितों का कहना है कि मौके पर प्रबंधकीय कर्मचारी/ड्यूटी स्टाफ की तैनाती भी थी।

## यूजीसी संशोधन गजट के विरोध में सौंपा ज्ञापन


अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा भारत के तत्वावधान में संगठन के जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा सत्येंद्र सिंह ने यूजीसी विनियम 2026 प्राधिकार से प्रकाशित संशोधन गजट के संबंध में चार सूत्रीय मांगों को लेकर अधिवक्ता साथियों के साथ कानून मंत्री, भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। ज्ञापन में यूजीसी द्वारा जारी संशोधित विनियमों में आपत्ति जताते हुए संगठन की ओर से चार प्रमुख मांगें रखी गई। वक्ताओं ने कहा कि यदि संशोधन में आवश्यक सुधार नहीं किए गए तो यह छात्रों, शिक्षकों एवं अधिवक्ताओं के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने सरकार से संशोधन गजट पर पुनर्विचार कर आवश्यक बदलाव करने की मांग की। इस अवसर पर शैलेंद्र कुमार सिंह, संदीप पांडेय, कृष्णकांत तिवारी, लवकुश वर्मा, सुशील पाण्डेय, राजकुमार चतुर्वेदी, राजेश सिंह, आनंद सिंह, विजय सिंह, संजय तिवारी, अभिषेक सिंह, प्रदीप कुमार मिश्रा व सुशील शुक्ला आदि मौजूद रहे। सत्येंद्र सिंह ने कहा कि संगठन युवाओं और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर सदैव सक्रिय रहेगा और जनहित में अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा।

# समर्थन मूल्य पर खरीद लक्ष्य के हुई पार

### कल तक होगी खरीद

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी योजना के अंतर्गत जनपद में धान खरीद ने रफ्तार पकड़ ली है। 26 फरवरी तक जिले में कुल 117 क्रय केंद्र संचालित किए गए, जिनके माध्यम से 1,18,000 मीट्रिक टन के लक्ष्य के सापेक्ष 1,19,085.24 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इस प्रकार जनपद ने लक्ष्य हासिल कर लिया है। 28 फरवरी तक ही धान खरीद की जाएगी। खाद्य विभाग, पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस एवं मंडी परिषद समेत विभिन्न एजेंसियों ने मिलकर खरीद खरीद की है। खाद्य विभाग ने 44,000 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 41,013.73 मीट्रिक टन धान की खरीद की, जबकि पीसीयू ने 36,000 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 37,530.63 मीट्रिक टन खरीद कर 104 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की। धान क्रय के सापेक्ष किसानों को भुगतान की प्रक्रिया भी जारी है। कुल देय धनराशि के सापेक्ष लगभग 90% भुगतान किसानों के खातों में भेजा जा चुका है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी एनके पाठक ने बताया कि जिले को जो धान खरीदने का लक्ष्य मिला था उससे अधिक खरीद हो गई है।खरीद सत्र का समापन 28 फरवरी को होगा। जिन किसानों ने अपनी उपज को अभी तक किसी कारण बस सरकारी केंद्र पर नहीं बेचा है । यदि बेचना चाहते हैं तो तत्काल केंद्र पर लेकर जाकर धान की बिक्री कर ले।खरीद केंद्रों पर किसानों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई हैं । कल खरीद का अंतिम दिन होगा।


क्रय केंद्र पर खरीद की जानकारी लेते अधिकारी। अमृत विचार

# रूस भेजने के नाम पर 150 युवाओं से करोड़ों की ठगी

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** विदेश जाकर बेहतर कमाई करने के चक्कर में 100 से अधिक बेरोजगार युवकों से एक करोड़ से अधिक की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। पीड़ितों में मनजीत पुत्र रामकृपाल निवासी देवरिया ने बताया कि सोशल मीडिया पर रूस भेजे जाने की बात मल्टी इंटरनेशनल काउंसलिंग कंपनी की ओर से कही गई थी। दिए गए कांटेक्ट नंबर पर जब संपर्क किया गया तो बताया गया कि गोंडा जिले में ऑफिस है वहीं आकर मिलो। पीड़ितों के मुताबिक सैकड़ों लोगों ने नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोंडा उतरौला मार्ग स्थित कंपनी के ऑफिस पर पहुंचे और रसिया जाने के लिए कंपनी की ओर से आवेदन कराया गया। किसी से एक लाख तो किसी से 2 लाख रुपए लिए गए और पासपोर्ट वीजा देने की बात कही गई। जब सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए तो सभी लोगों को रसिया भेजने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर बुलाया गया। बताया गया कि कंपनी के विवेक कुमार निवासी गोदरौली फतेपुर ने सभी से कहा कि पूरी तैयारी से आएं और एयरपोर्ट पर ही पासपोर्ट दिया जाएगा। जब सैकड़ों की संख्या में लोग रूस जाने का ख्वाब लेकर एयरपोर्ट पहुंचे तो विवेक का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। कथित रूप से इन लोगों को बीजा व टिकट एयर फ्लाइट का दिया गया था। जब फ्लाइट का समय हो गया और विवेक नहीं आया तो ये लोग परेशान होकर हंगामा करने लगे और दिल्ली पुलिस के पास पहुंचे। दिल्ली पुलिस को पूरी बात बताई गई तो पुलिस की ओर से कहा गया कि जिस कंपनी के द्वारा आवेदन किया गया उसकी ऑफिस गोंडा में है इसलिए सभी लोग वहां जाएं।

## श्रीकृष्ण की लीलाएं सत्य और प्रेम का प्रतीक

**खरगूपुर, गोंडा :** झालीधाम आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन करते हुए कथावाचक नरसिंह दास महाराज ने भक्तों को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का रसपान कराया। प्रवाचक ने कहा जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। उन्होंने बताया कि कृष्ण का जन्म भाद्रपद मास की अष्टमी तिथि को मध्यरात्रि में हुआ था। उनका प्राकट्य मथुरा की कारागार में हुआ, जहां अत्याचारी कंस ने माता देवकी और वसुदेव को बंदी बना रखा था। कंस के अत्याचारों से धरती त्रस्त हो चुकी थी, इसलिए भगवान ने अवतार लिया। जन्म के समय चारों ओर दिव्य प्रकाश फैल गया और देवकी-वसुदेव के हाथ-पैरों में पड़ी बेड़ियां स्वयं खुल गईं। कंस से बचाने के लिए वसुदेव जी नवजात श्रीकृष्ण को यमुना पार कर गोकुल ले गए, जहां नंद बाबा और यशोदा मैया ने उनका लालन-पालन किया। बाल्यकाल में भगवान श्रीकृष्ण ने पूतना वध और कालिया दमन जैसी अनेक अद्भुत लीलाएं कर भक्तों का उद्धार किया। प्रवाचक ने कहा कि भगवान की 52 लीलाएं भक्तों के कल्याण और धर्म स्थापना के लिए हैं।


कथा कहते नरसिंह दास महाराज। अमृत विचार

## अबीर-गुलाल संग निकलेगी निशान शोभायात्रा


बैठक करते श्री श्याम मंदिर कमेटी के सदस्य। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** श्री श्याम मंदिर श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश भाव सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में निशान शोभायात्रा और भजनों के कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई। शुक्रवार सुबह निशान शोभायात्रा रानी बाजार स्थित श्री रामजानकी मारवाड़ी धर्मशाला से निकाली जाएगी जो अग्रसेन चौराहे से होते हुए साहबगंज नूरामल मंदिर होते हुए बड़गांव पुलिस चौकी से वापस घूमकर श्री श्याम मंदिर में बाबा खाटूश्याम जी के चरणों में निशान अर्पित कर आर्शीवाद प्राप्त करेंगे। मंदिर प्रांगण में ही शाम छह बजे से फागुनी धमाल संग संकीर्तन शुरू होगा। भजन गायिका पायल और शिवम पारस भजनों की हाजिरी लगाएंगे।

## खाद्य विभाग ने की छापेमारी, आठ नमूने भरे

**करनैलगंज, गोंडा :** होली पर्व को देखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए एसडीएम नेहा मिश्रा और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने नगर व आसपास क्षेत्रों में छापेमारी की। सूचना मिलते ही कई खाद्य पदार्थों की दुकानों के शटर गिर गए और बाजार में सन्नाटा पसर गया। संयुक्त टीम ने तहसील के सामने स्थित रामजी मोदनवाल के होटल पर छापा मारकर मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। निरीक्षण के दौरान गंदगी मिलने पर एसडीएम ने दुकानदार को फटकार लगाई। इसके बाद टीम गोंडा-लखनऊ मार्ग स्थित दीपू स्वीट्स पहुंची जहां विभिन्न प्रकार की मिठाइयों, खोया और पनीर के नमूने लिए गए। कारखाने में गंदगी मिलने पर चेतावनी देते हुए नोटिस जारी की गयी।

## ससुराल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**इटियाथोक, गोंडा :** कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव में शादी समारोह के दौरान ससुराल आए युवक का शव सड़क किनारे पेड़ से लटका मिला। ग्राम बसंतपुर तिवारी (रेहरवा मजरा) निवासी ठेला चालक जगदेव वर्मा (35) पत्नी अकलेश और बच्चों संग ससुराल खजवा नरौरा भर्रापुर गांव में हसनू के यहां शादी समारोह में शामिल होने आया था। बुधवार को जगदेव के ससुर के बेटे की बारात लौटने के बाद बहू भोज का कार्यक्रम आयोजित था। गुरुवार सुबह गांव से लगभग 200 मीटर दूर खजवा से नरौरा भर्रापुर जाने वाली सड़क के किनारे पेड़ से जगदेव का शव लटका देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना गांव और पुलिस को दी। ग्रामीणों के अनुसार घटना से पहले गांव में कुछ लोगों के साथ जगदेव की मारपीट हुई थी।

## शिक्षा की अलख जगाने वाले व्यक्तित्व को नमन

**नवाबगंज, गोंडा :** क्षेत्र के जंगबहादुर लाल बनवारी लाल इंटर कॉलेज में संस्थापक जंग बहादुर लाल की पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता संग मनाई गई। विद्यालय में स्थापित उनकी प्रतिमा पर धर्मपत्नी शकुंतला श्रीवास्तव एवं प्रबंधक सुरेंद्र श्रीवास्तव ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रबंधक ने कहा जब ग्रामीण अंचल में शिक्षा के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं थे और छात्र-छात्राएं विद्यालय के अभाव में पढ़ाई से वंचित रह जाते थे तब जंग बहादुर लाल ने शिक्षा की अलख जगाने का संकल्प लिया। विद्यालय परिसर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं हवन का आयोजन किया गया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पुष्प अर्पित कर संस्थापक के आदर्शों पर चलने तथा शिक्षा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष योगेंद्र बहादुर श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य पुनीत श्रीवास्तव, सुशील कुमार श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, रमाकांत पांडेय, अभिषेक श्रीवास्तव तथा बाल स्वामी अवधेशेंद्र जी महाराज सहित समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डीएम के निर्देश पर कब्जा हटाकर खुलवाया चकमार्ग

**नवाबगंज, गोंडा:** थाना क्षेत्र के पर्वती गांव के मिल्किनिया मजरा में सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चकमार्ग को खाली करा दिया। गांव निवासी राज बहादुर पांडे की शिकायत पर प्रियंका निरंजन (जिलाधिकारी, गोंडा) ने जांच के आदेश दिए थे। एसडीएम तरबगंज विश्वामित्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस व राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर चकमार्ग की पैमाइश कर सीमांकन कराया और अवैध कब्जा हटवाया, जिससे ग्रामीणों का आवागमन बहाल हो सका। चरागाह भूमि पर कब्जा करने वालों को फसल कटाई के बाद जमीन खाली करने की चेतावनी दी गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान गांव की 65 वर्षीय गायत्री देवी को दिल का दौरा पड़ गया। सूचना पर थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें सरकारी वाहन से अयोध्या मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।

# पेड़ से टकराई कार, मां की मौत, कई लोग घायल

संवाददाता मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचार :** बच्चे का इलाज कराकर अयोध्या से लौट रहे एक ही परिवार के लोगों की कार टिकरी जंगल के पास बंदरों के झुंड को बचाने के प्रयास में पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार चालक की मां की मौत हो गई जबकि चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। मनकापुर के पटेल नगर निवासी शुभम साहू अपने चचेरे भाई के एक वर्षीय पुत्र युगवर्धन को अयोध्या में डॉक्टर को दिखाकर लौट रहे थे। उनके साथ उनकी मां लक्ष्मी देवी व भतीजी आस्था भी थी। बताया जाता है कि टिकरी जंगल के पास कार पेड़ से जा टकराई। घटना में लक्ष्मी देवी की मौत हो गई।

**बाइक सवार ने छात्र को मारी टक्कर: धानेपुर:** रुद्रगढ़ नौसी ग्राम सभा में गुरुवार को हादसे के बाद विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। 8 वर्षीय छात्र को बाइक से टक्कर मारने के बाद जब परिजन शिकायत करने स्कूल पहुंचे तो वहां कथित रूप से उनके साथ मारपीट और अभद्रता की गई। पीड़ित रामगोविन्द शुक्ला ने तहरीर में बताया कि उनका भतीजा अभिषेक प्रावि रुद्रगढ़ नौसी में कक्षा 2 का छात्र है। गुरुवार सुबह स्कूल जाते समय अल्फनगर गांव के पास बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह घायल होकर अचेत हो गया। परिजनों के अनुसार डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। तहरीर में आरोप लगाया गया कि दुर्घटना करने वाला युवक अपनी मां को केपीएच इंटर कॉलेज सपहा छोड़ने जा रहा था। इसी सूचना के आधार पर रामगोविन्द शुक्ला अपनी भाभी और बड़ी मां के साथ संबंधित कॉलेज पहुंचे ताकि दुर्घटना की जानकारी दे सकें। आरोप है कि स्कूल परिसर में हंसराम वर्मा, परसुराम वर्मा व मतऊ वर्मा निवासी सपहा रुद्रगढ़ नौसी ने मिलकर उनके साथ मारपीट की।


हादसे में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

### हादसे में 3 महिलाएं व बालक घायल

**नवाबगंज, गोंडा :** शोभापुर गांव में स्थित पेट्रोल पंप के सामने अयोध्या-गोंडा मार्ग पर बुधवार की रात करीब 11 बजे एक कार और गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीन महिलाएं और एक 13 वर्षीय बालक घायल हो गए। वजीरगंज के डुमरियाडीह निवासी संदीप भास्कर अयोध्या से निमंत्रण कार्यक्रम से लौट रहे थे। उनकी कार में पत्नी पूजा (33), पुत्र यश (13), वजीरगंज निवासी कुसुमा देवी (40) पत्नी राम केवल तथा मंजू (33) पत्नी मदन गोपाल सवार थीं। बताया जाता है कि शोभापुर स्थित पेट्रोल पंप के पास लौव्वाबीरपुर गांव के संपर्क मार्ग से गन्ना लादकर हाईवे पर चढ़ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने अचानक कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ट्रैक्टर का अगला पहिया भी निकल गया।

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ सड़क पर शिक्षक

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर गुरुवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आनंद कुमार त्रिपाठी एवं महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष नीतू जायसवाल के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन किया तथा प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को सौंप कर शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट दिए जाने की मांग की।

जिलाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी ने कहा कि आरटीई अधिनियम लागू होने के बाद नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए भी सेवा में बने रहने एवं पदोन्नति हेतु टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है, जो प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध है। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर आरटीई से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट प्रदान करे। धरने के दौरान जिला मंत्री विजय नारायण पांडे, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष इंद्र प्रताप सिंह, संयुक्त मंत्री/मीडिया प्रभारी वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी, कौशल किशोर ओझा, पवन शुक्ला, राज मंगल पांडे, राकेश यादव, उपेंद्र कुमार सिंह, ऋषि तिवारी, देवनंदन तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, विष्णु शंकर तिवारी, अफसर हसन, सर्वदेव शुक्ल, इरशाद खान, आशुतोष पांडेय, मनमोहन श्रीवास्तव, अंजनी गुप्ता, शाइस्ता उस्मानी, संजीदा खान, मो. इस्लाम खान, ऋषभ सिंह, अरशद, राजेश द्विवेदी, मनीष सिंह, शिव प्रकाश पांडेय, सुशील नायक, सौरभ मिश्र, प्रभात यादव, घनश्याम सिंह, विजय सिंह, रवि ओझा, राम निवास, एन.के. सिंह आदि रहे।


प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

# राशन वितरण व्यवस्था की मजबूती को इंजीनियरों के बदले कार्यक्षेत्र

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से ई पास मशीन के जिला इंजीनियर ने अहम कदम उठाया है। यह स्थानांतरण जिला इंजीनियर ने कंपनी के आदेश के क्रम में किया है। कोटेदारों को उपलब्ध कराई जा रही तकनीकी सेवाओं को सुदृढ़ करने को 15 विकास खंडों में तैनात इंजीनियरों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल करते हुए नई सूची जारी की गई है। संबंधित इंजीनियर अपने आवंटित ब्लॉकों में स्थापित मशीनों के तकनीकी रख रखाव, सॉफ्टवेयर अपडेट, डेटा सिंक और नेटवर्क संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए जिम्मेदार होंगे। जिन ब्लॉक इंजीनियरों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है उनमें संतोष कुमार सिंह को वज़ीरगंज से नवाबगंज, शनि शुक्ला को नवाबगंज व तरबगंज से वज़ीरगंज व बेलसर, देव प्रकाश बाजपेयी को परसपुर से कर्नलगंज तथा जितेन्द्र बाजपेयी को कर्नलगंज से परसपुर स्थानांतरित किया गया है। इसी क्रम में मनीष शुक्ला को रूपईडीह से इटियाथोक और पंकज कुमार तिवारी को इटियाथोक से रूपईडीह का दायित्व सौंपा गया है। ई पास मशीनों के सुचारू संचालन से लाभार्थियों को बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण में कम समय लगेगा तथा वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी। जिला इंजीनियर ने बताया कि कोटेदारों को बेहतर तकनीकी सहूलियत देने और ई पास मशीनों से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। डीएसओ कुंवर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि वितरण व्यवस्था को और मजबूत तथा कोटेदारों को समुचित जानकारी मिलती रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### पंचायत सहायकों की भर्ती शुरू, 16 मार्च तक करें आवेदन

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद की 24 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक/एकाउंटेंट-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर के रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला पंचायत राज विभाग बलरामपुर के अनुसार विभिन्न विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में नियुक्तियां की जानी हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 6 मार्च से 16 मार्च 2026 तक संबंधित ग्राम पंचायत, विकास खंड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। भर्ती बलरामपुर, गैंड़ासबुजुर्ग, तुलसीपुर, हरैया सतघरवा, रेहराबाजार, उतरौला, पचपेड़वा, गैसड़ी और श्रीदत्तगंज ब्लॉकों की चिन्हित ग्राम पंचायतों में की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 25 से 28 फरवरी तक सूचना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी और मेरिट सूची तैयार करने की प्रक्रिया 27 मार्च से 3 अप्रैल 2026 तक पूर्ण की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी संबंधित ब्लॉक या जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। सूचना विभाग बलरामपुर द्वारा यह जानकारी जारी की गई है।

### किशोरी को बहलाकर किया अगवा

**खरगूपुर, गोंडा :** किशोरी को शादी करने के लिए बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज किया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने पर दिए गए तहरीर में कहा है कि मंगलवार देर रात उसकी बेटी को लोनियन पुरवा के छोटकने ने बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जानकारी होने पर परिवार वालों को मालूम हुआ तो खोज बीन किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका।

# ओडीओपी मसूर की दाल की ब्रांडिंग से खुलेगा नया बाजार

## कलेक्ट्रेट सभागार में हुई उद्योग-व्यापार बंधु बैठक में बनी रणनीति

संवाददाता बलरामपुर



उद्योग बंधु की बैठक में मौजूद डीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला उद्योग बंधु एवं जिला व्यापार बंधु की संयुक्त बैठक में स्थानीय उत्पादों के बाजार विस्तार को लेकर व्यापक मंथन किया गया। विशेष रूप से जनपद के ओडीओपी उत्पाद मसूर दाल की ब्रांडिंग, आकर्षक पैकेजिंग और प्रभावी प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया, ताकि उत्पाद को राष्ट्रीय स्तर तक पहचान मिल सके और कारोबार को नई दिशा प्राप्त हो।

जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने औद्योगिक विकास, निवेश प्रोत्साहन एवं स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना तथा एक जिला एक उत्पाद की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। डीएम ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि ब्लॉक स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाए ताकि वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें साथ ही तथा इच्छुक उद्यमियों को प्रशिक्षण और हैंडहोल्डिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रिकॉर्ड 15 माह में तंत्र विकसित, पहले सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित

**बलरामपुर, अमृत विचार:** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए रिकॉर्ड समय में अपनी संपूर्ण प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं परीक्षा प्रणाली को विकसित, परीक्षित और सफलतापूर्वक संचालित कर दिया है। विश्वविद्यालय ने सत्र 2025–26 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं संपन्न कर बी.कॉम और बी.बी.ए. प्रथम सेमेस्टर का परिणाम भी घोषित कर दिया है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। देवीपाटन मंडल के 182 महाविद्यालयों की सहभागिता के साथ आयोजित परीक्षा प्रक्रिया का इतनी तेजी से संपन्न होना विश्वविद्यालय की प्रशासनिक दक्षता, तकनीकी सक्षमता और अकादमिक अनुशासन को दर्शाता है। कुलपति की नियुक्ति के मात्र 15 माह के भीतर संपूर्ण तंत्र का विकास, परीक्षण और क्रियान्वयन संस्थान की कार्यकुशलता का प्रमाण माना जा रहा है। कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि केवल परीक्षा परिणाम घोषित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि एक मजबूत, पारदर्शी और आधुनिक शैक्षणिक व्यवस्था की स्थापना का प्रमाण है। उन्होंने विश्वविद्यालय के लक्ष्य को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पारदर्शी परीक्षा प्रणाली और अकादमिक विश्वसनीयता के उच्च मानकों की स्थापना बताया।

## पेड़ से लटकता मिला महिला का शव, जांच शुरू

**बलरामपुर, अमृत विचार:** ललिया थाना क्षेत्र के सिसवा गांव में बुधवार रात एक महिला का शव सागौन के बाग में पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मृतका की पहचान शिवपुरा बाजार निवासी रेशमा के रूप में हुई है। उसका शव गांव के पश्चिम जगराम के सागौन के बाग में पेड़ से लटका पाया गया। पुलिस ने शव को बुधवार रात ही कब्जे में लेकर अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया था, जहां पहचान के लिए सुरक्षित रखा गया। मृतका के पति बाबा दीन ने बताया कि उनकी पत्नी मंगलवार दोपहर बेटी के अकला गांव जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल सका। बाद में पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर उन्होंने शव की शिनाख्त की। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।



फीता काटकर मछली मंडी का उद्घाटन करते नपा अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

### नवनिर्मित मछली मंडी का हुआ शुभारंभ

**बलरामपुर, अमृत विचार :** आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए ब्लॉक परिसर के सामने नवनिर्मित मछली मंडी का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने फीता काटकर मंडी का विधिवत उद्घाटन किया। अध्यक्ष ने कहा कि अब तक मांस-मछली विक्रेता अलग-अलग स्थानों पर दुकानें लगाते थे, जिससे गंदगी और अव्यवस्था फैलती थी। नगर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से सभी मछली विक्रेताओं के लिए एक स्थान निर्धारित किया गया है, जहां साफ-सफाई, जल निकासी और कूड़ा निस्तारण की समुचित व्यवस्था की गई है। अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि नगर पालिका बाजारों को व्यवस्थित करने और नागरिक सुविधाएं बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उद्घाटन अवसर पर अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र मौर्या सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी, व्यापारी और नगरवासी उपस्थित रहे।

# अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाएंगे

संवाददाता बलरामपुर



नगर कोतवाली में संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** विकास कुमार, पुलिस अधीक्षक बलरामपुर ने अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के साथ थाना कोतवाली नगर का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सलामी गार्द, मालखाना, हवालात, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क, बैरक और भोजनालय आदि का गहन अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। कार्यालयी रजिस्टरों की समीक्षा करते हुए उन्हें अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। थाना परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्था को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, ग्राम प्रधानों, ग्राम प्रहरियों व बीट पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों, जिनमें व्यापार मंडल और विभिन्न संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि और अन्य जागरूक नागरिक भी शामिल रहे। बैठक में नगर की ट्रैफिक व्यवस्था, यातायात के बढ़ रहे दबाव को कम करने के साथ-साथ कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा और रात्रि गश्त को लेकर सुझाव दिए। पुलिस अधीक्षक ने भरोसा दिलाया कि जनसहयोग से अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाया जाएगा। लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, आईजीआरएस शिकायतों के त्वरित समाधान और अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अंत में अधिकारियों ने थाना परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## पूर्ति विभाग दफ्तर पर लटका मिला ताला

करनैलगंज, गोंडा



करनैलगंज तहसील में पूर्ति विभाग कक्ष के बाहर मौजूद एसडीएम नेहा मिश्रा।

**अमृत विचार:** करनैलगंज तहसील स्थित पूर्ति विभाग के कार्यालय पर गुरुवार को ताला लटका मिला। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। कार्यालय बंद मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेज दी है। बताया जाता है कि एसडीएम को कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि पूर्ति विभाग निर्धारित समय पर नहीं खुलता और अधिकारी कार्यालय में नहीं बैठते। गुरुवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे एसडीएम ने कार्यालय लिपिक मनोज कुमार को फोन किया। उन्होंने बताया कि 15 मिनट में पूर्ति निरीक्षक पहुंच रहे हैं। हालांकि साढ़े 11 बजे तक न तो कोई अधिकारी कार्यालय पहुंचा और न ही ताला खुल सका। इस पर एसडीएम ने नाराजगी जताई और पूरे प्रकरण से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। तहसील क्षेत्र में पूर्ति निरीक्षक आनन्द प्रकाश (कटरा बाजार), हरिवंश यादव (हलधरमऊ) व अनुज कुमार (कर्नलगंज-परसपुर) सार्वजनिक वितरण प्रणाली का कार्य देख रहे हैं। इसके बावजूद कार्यालय बंद मिलने से राशन कार्ड धारकों व अन्य जरूरतमंदों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम ने मामले को गंभीर मानते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को कार्रवाई की संस्तुति भेज दी है। तहसील परिसर में इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

## दो पक्षों में मारपीट मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर, गोंडा:** आपसी बातचीत के दौरान हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने दो आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज किया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के कहला तेंदुआ के नंद प्रसाद यादव ने थाने पर दिए गए तहरीर में कहा है कि बुधवार रात आठ बजे शानू सिंह के दुकान पर समोसा खरीद रहा था। विपक्षी ने उसके लड़के सचिन (10) को पैसा देने लगा। इस पर उसने उससे दुकान से शराब लाने को कहा तो उसने मना कर दिया। इसी बात को लेकर आरोपी ने गाली देते हुए सब्जी काटने वाले चाकू से मार दिया। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय ने बताया कि मारपीट के मामले में दो आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

## तरबगंज तहसील मुख्यालय पर 3 .5 करोड़ से बनेगा अग्निशमन केंद्र

**उमरी बेगमगंज, गोंडा:** तरबगंज तहसील मुख्यालय पर अग्निशमन केंद्र निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश शासन ने हरी झंडी दे दी है। तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडे के प्रस्ताव पर 3 करोड़ 51 लाख 40 हजार की राशि शासन ने स्वीकृति प्रदान की है। इससे तहसील क्षेत्र की करीब 6 लाख की आबादी लाभान्वित होगी। क्षेत्र में गर्मियों में व्यापक अग्निकांड होती है। जब तक जनपद मुख्यालय से अग्निशमन केंद्र की गाड़ियां पहुंचती हैं तब तक व्यापक जन धन हानि की संभावना बनी रहती है। तहसील मुख्यालय पर केंद्र के निर्माण हो जाने के उपरांत तहसील के किसी भी गांव में अग्निकांड की घटना होने पर त्वरित गति से बचाव कार्य होने में आसानी होगी जिससे धन हानि एवं जनहानि की संभावना से बचा जा सकता है। विस संयोजक त्रियुगी नारायण शुक्ला, भाजपा जिला मंत्री अजय सिंह पिंटू श्री नारायण पांडे, धर्मेंद्र पांडे, विजय पांडे, रामचंद्र प्रजापति, हनुमान यादव, मनोज मिश्रा, राकेश भारती, आशीष दुबे, सूर्य प्रकाश सिंह, विवेक उपाध्याय, दीपक सिंह, संदीप तिवारी ने हर्ष जताया। तरबगंज विधायक प्रेम नारायन पांडे ने तरबगंज तहसील मुख्यालय पर अग्निशमन केंद्र की धनराशि स्वीकृत करने पर सीएम का आभार जताया।

### मदीना मस्जिद के पास हुई सामूहिक सहरी



सामूहिक रूप से सहरी करते रोजेदार। अमृत विचार

**उतरौला, बलरामपुर :** पवित्र रमजान माह के आठवें रोज़े पर नगर स्थित मदीना मस्जिद के समीप सामूहिक सहरी का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। रहमत और बरकत के इस पाक महीने में इबादत के साथ-साथ आपसी भाईचारे और एकजुटता की मिसाल भी देखने को मिली। सहरी के लिए स्वादिष्ट व्यंजनों की तैयारी की जिम्मेदारी रहीम बाबा ने निभाई, जबकि संपूर्ण व्यवस्थाओं और खाद्य सामग्री की व्यवस्था मोहम्मद इक़बाल सिद्दीकी ने संभाली। इस मौके पर अतहर, नोमान, सगीर बाबा, पिंटू, मज़हर, अदील, सलीम सिद्दीकी, कलीम सिद्दीकी, शहजादु, राजू उपस्थित रहे। सामूहिक सहरी के आयोजन ने सामाजिक एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक माहौल को और मजबूत किया।

### जिला जेल का किया औचक निरीक्षण



जिला जेल का निरीक्षण करते डीएम और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिला मजिस्ट्रेट विपिन कुमार जैन, एसपी विकास कुमार तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुज कुमार पाण्डेय ने जिला जेल का संयुक्त औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैरकों, पुरुष व महिला वार्ड, चिकित्सालय और अन्य व्यवस्थाओं का स्थलीय जायजा लिया गया। अधिकारियों ने अल्पवयस्क बैरक में निरुद्ध बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं तथा अस्पताल बैरक में भर्ती बंदियों से उपचार व्यवस्था की जानकारी ली। कारागार अधीक्षक विजय कुमार शुक्ल ने बताया कि जेल चिकित्सालय में एक चिकित्सक, एक फार्मासिस्ट और 20 बेड की व्यवस्था उपलब्ध है तथा आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में हैं। महिला बैरक के निरीक्षण में महिला बंदियों से मुकदमों की जानकारी ली गई और उनके साथ रह रहे बच्चों को मिल रही शिक्षा व पोषण सुविधाओं की समीक्षा की गई। परिसर की स्वच्छता और हरियाली की भी सराहना की गई।

## अंतरजनपदीय गिरोह पर कार्रवाई पुलिस ने शातिर चोर को दबोचा

**नवाबगंज, गोंडा:** थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए अंतरजनपदीय स्तर पर सक्रिय एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से नगदी, सोने-चांदी के जेवरात, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा चोरी के उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारी से क्षेत्र में हुई अन्य चोरी की घटनाओं के भी खुलासे की संभावना है। जानकारी के अनुसार 19 और 20 फरवरी की दरम्यानी रात थाना क्षेत्र के तुलसीपुर मांझा गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया था। चोर छत के रास्ते घर में घुसे और आलमारी तोड़कर नगदी व जेवरात पार कर दिए। घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम लगातार सुराग जुटाने में लगी थी। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर बुधवार को थाना इटियाथोक क्षेत्र के कुरासी पुलिया के पास दबिश दी गई, जहां से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसकी पहचान चुनमुन चौहान पुत्र जयकरन चौहान निवासी ग्राम मल्लूसिंह पुरवा, मौजा झाला तरहर, थाना पयागपुर, जनपद बहराइच के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर पड़ोसी जनपदों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। उसने बताया कि अपने गृह जनपद में अधिक मामले दर्ज होने के कारण वह पुलिस से बचने के लिए अन्य जिलों में सक्रिय रहता था।

## बालिका को बोरे में भरकर ले जा रही महिला पकड़ी गई

**रुपईडीह, गोंडा:** कानपुर के पनकी थाना क्षेत्र में तीन वर्षीय बालिका को टॉफी का लालच देकर बोरे में भरकर ले जाने के प्रयास के मामले में पकड़ी गई महिला के बारे में जानकारी जुटाने के लिए पुलिस टीम गोंडा जिले के कस्बा आर्य नगर पहुंची। हालांकि स्थानीय स्तर पर की गई जांच में महिला के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी। बताया जाता है कि चार दिन पहले पनकी थाना क्षेत्र के घाटमपुर के उरिया गांव निवासी मनीष यादव गंगागंज बस्ती में रह रहे थे। उनकी तीन वर्षीय पुत्री सेजल घर के सामने खेल रही थी। इसी दौरान एक महिला ने टॉफी का लालच देकर बच्ची को अपने पास बुलाया और उसे बोरे में भरकर ले जाने लगी। पनकी धाम मंदिर के पास बच्ची के रोने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोगों को शक हुआ। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए महिला को पकड़ लिया और बच्ची को सुरक्षित छुड़ा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया। पकड़ी गई महिला ने पूछताछ में अपना नाम कुन्ना, पति का नाम सफी और निवास स्थान गोंडा जिले के कस्बा आर्य नगर बताया। इस पर पनकी थाने के दारोगा अभिषेक कुमार दूबे महिला की सत्यता की जांच के लिए आर्य नगर पहुंचे। पुलिस चौकी आर्यनगर के प्रभारी राजीव कनौजिया ने बताया कि कस्बे में काफी छानबीन के बावजूद उक्त नाम-पते की कोई महिला नहीं मिली। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## अधिवक्ता हत्याकांड का अभियुक्त दबोचा

**करनैलगंज, अमृत विचार :** हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुभाष मिश्र की हत्या के मामले में जांच के दौरान प्रकाश में आए एक अन्य अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय के अनुसार अधिवक्ता हत्याकांड में पीड़ित पक्ष ने कुछ लोगों के घटना में शामिल होने की जानकारी देने के साथ नाम दिए गए हैं। जांच के दौरान उन नामों में एक अभियुक्त ध्रुवकुमार दूबे निवासी ग्राम नारायनपुर मांझा का नाम प्रकाश में आया। जिन्हें बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि चार लोगों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज थी, पांचवां नाम जांच में सामने आया है।

### संस्थापक सप्ताह में क्विज स्पर्धा आयोजित



क्विज प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के साथ शिक्षक गण। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एम एल के पी जी कॉलेज में चल रहे संस्थापक सप्ताह समारोह के पांचवें दिन गुरुवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंध समिति के सचिव कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय और प्राचार्य प्रो . जे .पी . पाण्डेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। सचिव और प्राचार्य ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्विज प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के सामान्य ज्ञान, तार्किक क्षमता और बौद्धिक कौशल का विकास करना है। यह प्रतियोगिता सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाते हुए आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देती है। प्रतियोगिता में विज्ञान, सामान्य अध्ययन, इतिहास, खेल, राजनीति और पर्यावरण जैसे विषयों से प्रश्न पूछे गए। सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रवेश कुमार और रंजीत कुमार मौर्य की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। सर्वेश शुक्ल व आकाश कन्नौजिया द्वितीय तथा सौरभ तिवारी व पंकज तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। संयोजक प्रो . तबस्सुम फरखी ने स्वागत किया और सांस्कृतिक निदेशक प्रो . रेखा विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक रहे।

## आर्थिक रूप से कमजोर दुकानदारों के हित में उठाई गयी आवाज

**बलरामपुर, अमृत विचार:** समाजवादी मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष विशाल कुमार श्रीवास्तव ने आर्थिक रूप से कमजोर एवं छोटे दुकानदारों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने नगर क्षेत्र में आजीविका चलाने वाले दुकानदारों की कठिनाइयों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए उनके हित में ठोस कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि कई छोटे दुकानदार आर्थिक तंगी के कारण अपनी दुकानों का संचालन ठीक से नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे दुकानदारों को राहत देने के लिए उनकी आय, परिस्थिति एवं जरूरत के आधार पर उचित सहायता प्रदान की जाए। साथ ही जिन दुकानदारों की दुकानों का पुनर्वास या स्थान परिवर्तन प्रस्तावित है, उनके लिए वैकल्पिक स्थान की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि उनकी रोजी-रोटी प्रभावित न हो। उन्होंने मांग की कि किसी भी प्रकार की कार्रवाई से पहले संबंधित दुकानदारों को नोटिस देकर संवाद स्थापित किया जाए और उनकी समस्याओं का मानवीय दृष्टिकोण से समाधान निकाला जाए। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि विकास कार्यों के साथ-साथ गरीब एवं मेहनतकश व्यापारियों के हितों की रक्षा भी सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी परिवार की आजीविका पर संकट न आए।

## सरसों की फसल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**बालपुर, गोंडा:** सीएफएलडी कार्यक्रम के अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र, गोंडा द्वारा सरसों फसल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रभावी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी.एम. त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर क्षेत्र के लगभग 40 प्रगतिशील किसानों ने भाग लेकर उन्नत कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। डॉ. सी.एम. त्रिपाठी ने सीएफएलडी कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि क्लस्टर स्तर पर नवीन किस्मों एवं वैज्ञानिक तकनीकों का प्रदर्शन किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इंजीनियर वैज्ञानिक मिथलेश कुमार झा ने कृषि यंत्रीकरण के महत्व को रेखांकित करते हुए आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रयोग से लागत कम करने एवं उत्पादन बढ़ाने के उपाय साझा किए। गृह वैज्ञानिक ममता त्रिपाठी ने पोषण सुरक्षा एवं गृह विज्ञान से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर किसानों को जागरूक किया।

## 8.26 करोड़ से घाघरा नदी पर बनेगा पीपे का पुल, मिली स्वीकृति

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** घाघरा नदी पर बने जर्जर संजय सेतु के विकल्प के रूप में प्रस्तावित डबल लेन पीपा पुल को स्वीकृति मिल गई है अब पीपे का पुल 8.26 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने पहले जो पुल के लिए प्रस्ताव भेजा था उसको एनएचएआई अधिक लागत की बात कहते हुए रोक लगा दी थी। पहले जहां इस अस्थायी पुल की लागत 8.96 करोड़ रुपये आंकी गई थी, वहीं अब इसे 70 लाख रुपये घटाकर करीब 8.26 करोड़ रुपये कर दिया गया है। घटाई गई लागत के साथ प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गयी है। काफी पुराने संजय सेतु की मरम्मत को लेकर लंबे समय से असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने मरम्मत के लिए धनराशि उपलब्ध कराने में असमर्थता जताई थी। उनका तर्क था कि जब जर्जर सेतु की मरम्मत के लिए अलग से धनराशि की मांग की जा रही है, तो अस्थायी पीपा पुल निर्माण के लिए अतिरिक्त बजट स्वीकृत करना संभव नहीं है। इसी के चलते पीडब्ल्यूडी ने जनप्रतिनिधियों के सुझाव पर डबल लेन पीपा पुल का प्रस्ताव तैयार किया था, ताकि मरम्मत के दौरान आवागमन बाधित न हो। विभाग ने पुनरीक्षित प्रस्ताव भेजते हुए लागत में 70 लाख रुपये की कटौती की है। पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता अखिलेश दिवाकर के मुताबिक संशोधित लागत के साथ प्रस्ताव दोबारा प्रेषित किया गया था। स्वीकृति मिलने की सूचना प्राप्त हुई है। आदेश मिलते ही पीपा पुल का निर्माण कार्य पूरा कराया जायेगा।

न्यूज ब्रीफ

### आज से लगेगा योग शिविर

**श्रावस्ती :** समाज कल्याण विभाग की ओर से भिनगा में संचालित वृद्धाश्रम में शुक्रवार से 12 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति ने बताया कि अटल वयो अभ्यूदय योजना के तहत योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस योग शिविर में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोग शामिल होकर योग प्रशिक्षण ले सकते हैं। शिविर में आयूष विभाग के योग प्रशिक्षण अरुण कुमार व रंजीता सिंह वृद्धजनों को योग का प्रशिक्षण कराएंगी।

### कलेक्ट्रेट में आज होगी दिशा की बैठक

**बहराइच :** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि 27 फरवरी को पूर्वान्ह 11:00 बजे से विकास भवन सभागार में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आहूत की गई है। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वांछित सूचनाओं के साथ बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

### भाकियू के पूर्व जिलाध्यक्ष का निधन

**जरवल रोड (बहराइच) :** भारतीय किसान यूनियन के जनपद बहराइच के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं मध्यांचल जोन के महासचिव रहे मोहनलाल वर्मा का गुरुवार प्रात: निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और मेडिकल कॉलेज में उपचाराधीन थे। गुरुवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही किसान संगठन सहित पूरे जनपद बहराइच में शोक की लहर दौड़ गई। विभिन्न सामाजिक एवं किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। मोहनलाल वर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान किसानों की समस्याओं और अधिकारों को लेकर सदैव मुखर भूमिका निभाई। उन्होंने अनेक आंदोलनों और ज्ञापनों के माध्यम से किसानों की आवाज बुलंद की। उनका सरल स्वभाव, संघर्षशील व्यक्तित्व और संगठन के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा।



दिवंगत मोहनलाल वर्मा।

### कबाड़ के गोदाम में लगी आग

**बहराइच :** देहात कोतवाली इलाके में स्थित त्रिमुहानी रोड पर गुरुवार की सुबह एक कबाड़ के गोदाम में आग लग गई । देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। मौके पर पहुंचे गोदाम मालिक ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी , जिसके बाद मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। त्रिमुहानी रोड पर अबरार नाम के व्यक्ति का कबाड़ का गोदाम है। आज सुबह करीब 9 बजे उनके गोदाम से अचानक धुआं उठने लगा , जब तक लोग कुछ समझ पाते उसमें रखे प्लास्टिक के सामान व फोम में आग लग गई । ऊंची लपटों को देख आस पास के लोगों इसकी सूचना गोदाम स्वामी को दी । जिसके बाद मौके पर पहुंचे अबरार ने अग्निशमन विभाग को आग लगने की सूचना दी । जानकारी मिलते ही दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच करीब तीस मिनट में आग पर काबू पा लिया । अग्निशमन अधिकारी पुलकित चौधरी ने बताया कि आग किन कारणों से लगी इसका पता नहीं चल सका है। गोदाम मालिक ने बताया कि आकलन के बाद ही नुकसान के बारे में पता चल सकेगा।

# कृषकों की समृद्धि का आधार बनेगी औद्यानिक खेती

**▶ बागवानी विकास मिशन अन्तर्गत आयोजित गोष्ठी को विधायक राम निवास वर्मा ने संबोधित किया**

संवाददाता, बहराइच





गोष्ठी के दौरान मंच पर मौजूद विधायक रामनिवास वर्मा व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत कृषि भवन परिसर में राज्य स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप कृषि निदेशक विनय वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ वर्मा, एसडीओ कैसरगंज डॉ. शिशिर वर्मा, कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के कृषि वैज्ञानिकों डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. अरूण कुमार राजभर, व अन्य अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा प्रगतिशील कृषकों के साथ फीता काटकर कृषक गोष्ठी का उदघाटन किया तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वहीं अतिथियों व अधिकारियों के साथ विभिान्न विभागों द्वारा लगाये स्टालों का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

मुख्य अतिथि विधायक ने जिले के कृषकों का आह्वान किया कि उद्यान विभाग एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास से एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक का लाभ प्राप्त कर विषमुक्त सब्ज़ी एवं अन्य औद्यानिक फसलों का उत्पादन कर बेहतर से बेहतर मूल्य प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि विषमुक्त खेती से उत्पादित सब्ज़ी, फल व अनाज पूरी तरह से मानव जीवन के लिए उपयोगी हैं। उप कृषि निदेशक व जिला उद्यान अधिकारी द्वारा भी कृषकों को एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक के बारे में जानकारी देते हुए कम लागत पर गुणवत्तायुक्त एवं ज़हर मुक्त उत्पादन प्राप्त कर अपने जीवन स्तर में सुधार लायें।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह एवं डॉ. अरून कुमार राजभर वैज्ञानिक द्वारा फल, फूल, शाकभाजी एवं मसाला फसलों के उत्पादन, विपणन, संरक्षण एवं रोग व्याधि की रोकथाम के बारे में तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। योजना प्रभारी पंकज वर्मा द्वारा उद्यान विभाग अन्तर्गत संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत के बारे में जानकारी दी गई तथा निदेशालय द्वारा नामित बीज उत्पादक कम्पनियों से कृषि निवेश मेला में कृषकों को मिनी बीज किट का वितरण कराया गया। कार्यक्रम के अन्त में जनपद के उत्कृष्ट कृषकों एवं लघु उद्योग से जुड़े हुए 13 लोगों को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सदभावना संस्था के प्रमुख योगेन्द्र मणि त्रिपाठी, कृषि वैज्ञानिक, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक ओम प्रकाश, विभिन्न जनपदों के कृषि एवं एलायड विभाग से सम्बन्धित अधिकारी, बड़ी संख्या में कृषक आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से भी जुड़ें किसान: सीडीओ

कार्यक्रम के दौरान सीडीओ मुकेश चन्द्र ने मौजूद कृषकों को एकीकृत बागवानी विकास योजनान्तर्गत औद्यानिक फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि औद्यानिक खेती के माध्यम से आकांक्षी जनपद के किसान आसानी के साथ अपनी आय को दोगुना कर सकते हैं। सीडीओ ने किसानों से आह्वान किया कि औद्यानिक खेती के साथ-साथ उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से जुड़कर लघु उद्योग की स्थापना कर परिवार, गांव व जनपद को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# डंपर पलटने से संजय सेतु पर लगा लंबा जाम, पुलिस ने संभाली कमान



मार्ग पर जाम के दौरान फंसे वाहनों की लगी लंबी कतार। अमृत विचार

जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचार।** घाघरा नदी पर बने संजय सेतु की जर्जर स्थिति के बीच बुधवार दोपहर करीब दो बजे अचानक तकनीकी खराबी आ जाने से घाघराघाट से जरवलरोड तक लंबा जाम लग गया। खबर लिखे जाने तक 5 घंटे से अधिक समय तक यातायात प्रभावित रहा। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सेतु पर अचानक आवागमन धीमा होने के बाद वाहनों की लंबी कतार लग गई। देखते ही देखते स्थिति गंभीर हो गई और घाघराघाट से जरवलरोड मार्ग पूरी तरह जाम की चपेट में आ गया। इस दौरान एंबुलेंस, दूल्हा बाराती और जरूरी सेवाओं के वाहनों को निकालने में भी काफी दिक्कतें आईं। सूचना मिलते ही स्थानीय घाघरा घाट चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रंजीत सिंह और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस टीम ने मोर्चा संभालते हुए यातायात को सुचारु कराने के प्रयास शुरू किए। वाहन चालकों से संयम बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील की गई।

बता दें कि बीती रात राजधानी ढाबा के पास मोरंग (बालू) से लदा एक डंपर पलट गया था। उसे सीधा करने में करीब आधा घंटा लग गया। इसी दौरान राजधानी ढाबा से जरवल रोड बस स्टॉप तक और संजय सेतु पर भी इसका असर पड़ा। चौकी प्रभारी घाघरा घाट दिनेश कुशवाहा ने बताया कि ओवर ब्रिज पर वाहनों के ओवरटेक करने से यातायात व्यवस्था बिगड़ गई, जिससे लंबा जाम लग गया।

वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि जर्जर हो चुके संजय सेतु की जल्द मरम्मत और सुदृढ़ीकरण जरूरी है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचा जा सके। फिलहाल प्रशासन का यातायात सामान्य करने का प्रयास जारी है।

# बुजुर्ग महिला से ई-रिक्शा सवारों ने की लूटपाट

इकौना(श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुस्काबाद के पास बुजुर्ग महिला से ई-रिक्शा सवारों ने मारपीट कर लूटपाट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

इकौना थाना क्षेत्र के करमोहना निवासी बुजुर्ग महिला राजपती अपने रिश्तेदारी में छेदीपुरवा गई थी। 23 फरवरी को वह वापस अपने घर लौट रही थी। रास्ते में दो युवकों ने उन्हें अपने ई-रिक्शा पर बैठाकर कटरा छोड़ने की बात कही। भरोसा कर महिला ई-रिक्शा पर बैठ गईं। कुछ दूर जाने के बाद चालक ने रास्ता बदल दिया। महिला के आपत्ति जताने पर आरोपियों ने कटरा बाईपास पर छोड़ने की बात कहकर उन्हें शांत करा दिया। बाद में नवीन मॉर्डन थाना कटरा क्षेत्र अंतर्गत मुस्काबाद स्थित छोटी नहर के पास सुनसान स्थान देखकर दोनों आरोपी महिला से मारपीट कर नाक से सोने का कील छीन कर भाग गए। छीना-झपटी में महिला के नाक में चोट भी आई। पीड़िता ने नवीन मॉडर्न थाना में अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी इकौना भेज दिया है। इस बारे में थानाध्यक्ष लाल साहब ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



इलाज कराने पहुंची पीड़ित राजपती।

# बीसी संचालक पर जानलेवा हमला, गंभीर

कैसरगंज (बहराइच)

**● मस्जिद से तरावीह पढ़कर लौटते समय हुआ हमला, सात गिरफ्तार**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र स्थित ग्राम वैराकाजी में भारतीय स्टेट बैंक के बीसी संचालक मोहम्मद समाल बुधवार की देर रात मस्जिद से तरावीह पढ़कर लौट रहे थे। तभी उन पर इलाके के रहने वाले दबंगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल समाल को कैसरगंज सीएचसी से लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहीं मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

बैराकाजी ग्राम के रहने वाले समाल कोटवा मस्जिद से तरावीह की नमाज पढ़कर घर लौट रहे थे। रास्ते में घात लगाए हमलावरों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसके चलते उसके पेट व जांघ पर गहरा ज़ख्म हो गया। चीख सुनकर आस पास के लोग दौड़े इस दौरान हमलावर मौके से फरार हो गए। लोग बताते हैं कि मोहम्मद समाल कब्रिस्तान पर किए गए अवैध कब्जे का विरोध कर रहे थे। इसको लेकर उनकी इलाके के रहने वाले सफीउल्लाह नाम के व्यक्ति से रंजिश चल रही थी। कब्जे को हटाने को लेकर हाईकोर्ट में चल रहे मुकदमे में आज समाल की गवाही होनी थी। इलाके के रहने वाले अफजल ने बताया कि रफी, सईद, इरफान समेत करीब आठ लोगों ने हमला किया है । स्थानीय लोगों ने बताया कि इस दौरान फायरिंग भी की गई है। हालांकि पुलिस ने फायरिंग की बात से इनकार किया है। घायल की हालत गम्भीर देख चिकित्सकों ने उसे देर रात लखनऊ रेफर कर दिया है। थाना प्रभारी राजेश शुक्ला ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बैरकाजी ग्राम के रहने वाले समाल पर देर रात लोगों चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल युवक ग्राम में स्थित कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जे का विरोध कर रहा था । इसी कारण से उस पर हमला हुआ था। वहीं हमले में शामिल रफी अहमद, फसी अहमद, शमी अहमद, मोनिस, तुफैल , सईद व इरफ़ान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से सभी आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।



घायल को देखने उमड़ी भीड़।

### ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर में स्थित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सी.सी.टी.वी. कैमरे क्रियाशील पाये गये तथा वेयर हाउस भवन मानक के अनुसार फायर एक्सटिंग्यूशर स्थापित पाये गये। इस अवसर पर सहायक अभियन्ता जल निगम आलोक व अवर अभि. संदीप कुमार जायसवाल तथा निर्वाचन कार्यालय से योगेश गंगवार मौजूद रहे।





वेयरहाउस का निरीक्षण करते डीएम अक्षय त्रिपाठी।

### बाल श्रमिकों को कराया गया अवमुक्त

**बहराइच।** बाल श्रम उन्मूलन रोकथाम हेतु जनपद स्तर पर अभियान चलाए जाने, बालको एवं किशोर श्रमिकों के अखिल भारतीय स्तर पर बचाव पुनर्वास अभियान, छोटे बड़े प्रतिष्ठान, कारखानों, उद्योगों, दुकानों, निर्माण स्थलों आदि क्षेत्र के निर्माण में बालश्रम व भिक्षावृत्ति, नशे के विरुद्ध',थाना ए0एच0टी0 टीम जनपद बहराइच, श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, देहात इंडिया व प्रथम संस्था बहराइच की संयुक्त टीम द्वारा थाना रिसिया क्षेत्र रिसिया मोड़ पर बाल श्रमिक रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू अभिय़ान के दौरान रिसिया मोड़ चौराहा से कुल 05 नाबालिग बाल श्रमिकों को बालश्रम से मुक्त कराते हुए रेस्क्यू किया गया एवं नियोक्ताओं के विरुद्ध श्रम विभाग की टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। उपरोक्त अभियान में श्रम अधिकारी सूरज तिवारी, देहात इंडिया से अमरेश कुमार,देवेश तिवारी, प्रहलाद सिंह प्रभारी,रीना,सूर्यकांत, आसिफ अहमद एवं राकेश चौबे आदि लोग उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**इकौना( श्रावस्ती), अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला कमरे में फांसी के फंदे से लटकी मिली। परिजनों की ओर से फंदे से उतारकर महिला को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नवीन मार्डन थाना श्रावस्ती क्षेत्र के मलपुरवा गांव निवासी राधा जायसवाल (32) पत्नी हरिओम गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फांसी के फंदे से लटकी पाई गई। परिजनों की ओर से फंदे से उताकर कर महिला को आनन फानन में सीएचसी इकौना ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि पति हरिओम जायसवाल किसी काम से भिनगा गए थे। बच्चे स्कूल व परिवार के अन्य लोग कटरा बाजार स्थित अपनी खाद बीज की दुकान चले गए थे। घर में केवल महिलाएं थी। इस दौरान महिलाओं ने राधा को दुपट्टे के फंदे से लटका देखा तो परिजनों को फोन किया। वहीं तब तक उसके पति हरिओम भी भिनगा से वापस पहुंच गए। परिजनों ने राधा को फंदे से उतारकर सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गए और पुलिस को सूचित किया। मौके पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक लाल साहब सिंह ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### दुर्घटना में युवक घायल

**इकौना( श्रावस्ती), अमृत विचार।** इकौना के मोहल्ला बेंचूबाबा निवासी अर्जुन (20) गुरुवार को बाइक से गिलौला जा रहे थे। बौद्ध परिपथ पर खुटेहना मोड़ के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार कार बाइक से टकरा गई। इससे अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को इकौना सीएचसी पहुंचाया। यहां पर हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया। वहीं, कार चालक मौके से वाहन लेकर चला गया।

### प्रसव केंद्र की हुई शुरुआत

**जमुनहा (श्रावस्ती), अमृत विचार।** समुदायिक स्वस्थ्य केंद्र मल्हीपुर क्षेत्र में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए ब्लॉक जमुनहा में उपकेंद्र भेलागांव में सरकारी प्रसव केंद्र की शुरुआत की गई है। इसका उद्घाटन शुक्रवार को सीएचसी मल्हीपुर अधीक्षक डॉ रविंद्र सोनकर ने किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रसव केंद्र शुरू होने से संस्थागत प्रसव में बढ़ावा मिलेगा। इससे प्रसूताओं को आसानी होगी। इस दौरान बीपीएम अब्दुल रहमान, प्रभारी बीसीपीएम पंकज शर्मा, सीएचओ पूजा, एएनएम मधु देवी, प्रीति देवी आदि रहीं।



प्रसव केंद का फीता काटकर उद्घाटन करते सीएचसी अधीक्षक व अन्य।

### रंगोत्सव पर हर्बल रंगों से खेलें होली, नशे से रहें दूर

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने होली पर्व के दृष्टिगत हर्बल रंगों को वितरण कर समाज से प्राकृतिक रंगों के साथ होली खेलने का संदेश दिया। रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव अरुण कुमार मिश्र एवं कोषाध्यक्ष रवि कुमार मिश्र ने रेडक्रॉस कर्मचारियों को प्राकृतिक रंग वितरित कर उन्हें प्राकृतिक रंगों के इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया। इस दौरान रेडक्रॉस सचिव अरुण कुमार मिश्र ने होली की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि होली प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। इसे शान्ति पूर्वक मनाना चाहिए। होली पर प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करना चाहिए। प्रतिवर्ष होली के बाद स्किन और आंख से संबंधित तमाम शिकायतें आती हैं। इनसे बचने के लिए हर्बल रंगों का प्रयोग करना चाहिए। इसके साथ ही नशा आदि से भी दूर रहना चाहिए। रेडक्रॉस कोषाध्यक्ष रवि कुमार मिश्र ने बताया कि रेडक्रॉस के माध्यम से वह जिलेवासियों को सुरक्षित और मंगलमय होली का संदेश देना चाहते हैं। इस मौके पर वामिक सउद, अरविंद पाठक, गिरीश पाठक, शिवप्रकाश यादव, कपिल शुक्ला सहित प्रबंध समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** सभी शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के बाद से शिक्षक आंदोलनरत हैं। इसी क्रम में गुरुवार को जिले के शिक्षकों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। साथ ही पैदल मार्च निकालकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर शिक्षक संगठनों ने प्रदर्शन किया। भारी संख्या में शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एकत्र हुए और एक दिवसीय धरने पर बैठे। जिसके बाद यहां से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकालकर अपना विरोध जताया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रतिनिधि अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने कहा कि 22 फरवरी को ट्विटर पर जस्टिस फॉर टीचर हैशटैग के साथ देशव्यापी टॉप ट्रेंड चलाकर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया। 23 से 25 फरवरी तक हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। कहा कि आरटीई एक्ट भारत में एक अप्रैल 2010 और उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई 2011 को लागू हुआ। इससे पूर्व जारी विज्ञप्ति और शासनादेशों के तहत नियुक्त शिक्षकों पर नई सेवा शर्तें थोपना पूरी तरह असंवैधानिक है। उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विनय पांडेय ने साथी शिक्षकों में जोश भरते हुए कहा कि साथियों यह न्याय की लड़ाई है। इस मौके पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष राम नरेश यादव ने कहा कि आरटीई लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षक टीईटी की परिधि से बाहर हैं। हम किसी भी सूरत में अपनी वरिष्ठता और सेवा शर्तों से कोई समझौता नहीं करेंगे।

इस मौके पर बीनू राजपूत, हरीश कुमार, सत्य प्रकाश वर्मा, अनूप श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, सुनील शुक्ला, एनके पाठक, संतोष मिश्रा, राकेश श्रीवास्तव, मुनव्वर मिर्जा आदि शिक्षक मौजूद रहे।





कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

**आक्रोश**

# गन्ने से लदी ट्रॉली से टकराई रोडवेज बस, छह लोग घायल

इकौना(श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे 730 पर यात्रियों को लेकर जा रही रोडवेज बस गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। इससे ट्रैक्टर ट्राली हाइवे के किनारे खड्ड में पलट गई वहीं बस में सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया।

परिवहन निगम की बस गुरुवार को बलरामपुर से सवारी लेकर इकौना की ओर आ रही थे। नेशनल हाईवे 730 पर नवीन मार्डन थाना कटरा क्षेत्र के कटरा बाईपास स्थित हाजी बाबा मजार के पास बस चालक आगे जा रही दूसरी बस को ओवरटेक करने लगा। इस दौरान सामने से गन्ना लादकर आ रही ट्रैक्टर ट्राली से बस की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर ट्राली हाइवे के किनारे खड्ड में पलट गई। हादसे के दौरान मौके पर अफरा तफरी मच गई। वहीं बस में सवार आशीष वर्मा (35) पुत्र विष्णु वर्मा निवासी बक्शीपुर बहराइच, पुष्पा प्रजापति (30) पत्नी पूजा राम निवासी टीचर कॉलोनी इकौना, रजनीश श्रीवास्तव (24) पुत्र कमलेश श्रीवास्तव निवासी बड़ी हाट बहराइच, सम्मान तिवारी (11) पुत्र शैलेश तिवारी निवासी रघुवर पूरवा थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच, मंजू तिवारी (33) पत्नी शैलेश तिवारी व रामदुलारी (60) पत्नी नानबाबू निवासी इकौना गंभीररूप से घायल हो गए। जबकि अन्य कई लोगों को हल्की चोटें आई। हल्की चोट खाए लोग खुद निजी अस्पताल चले गए। जबकि गंभीररूप से घायल लोगों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। वहीं हादसे की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य में लगी रही।

**सख्ती** होली व रमजान को लेकर हुई केन्द्रीय शांति समिति की बैठक में डीएम ने की अपील

# शांतिपूर्ण ढंग से मिलजुल कर मनाएं त्योहार : जिलाधिकारी

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** होली एवं रमजान पर्व में भाईचारे की मिशाल कायम रखें। होली पर्व पर साफ-सफाई एवं बिजली आपूर्ति की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। त्योहार में कोई भी नई परम्परा न कायम करें, ताकि अमन-चैन बना रहे। यह अपील गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्रीय शांति समिति की बैठक में डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने की।

उन्होंने आशा जताई कि पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी जिले में होली का त्योहार भाई-चारे के साथ मनाया जाए। उन्होने कहा कि होली व जुम्मे की नमाज दोनों एक साथ पड़ रहे है, इसलिए सभी लोग त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मिलजुल कर मनाएं और हमेशा की तरह शान्ति व्यवस्था कायम रखें। डीएम ने अपील किया कि त्योहार पर कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे किसी दूसरे व्यक्ति की भावनाएं आहत हो। जिले में बिना अनुमति के कोई भी जुलूस नही निकलेगा और सार्वजनिक स्थानों पर मादक पदार्थ, मदिरा का सेवन आदि पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा। यदि कोई भी व्यक्ति जो बिना अनुमति के जुलुस निकालते या सार्वजनिक स्थलों पर मदिरा पान करते पाया गया तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सभी एसडीएम व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर सघन चेकिंग की जाए, किसी विवादित स्थल पर होलिका दहन के समय अनावश्यक विवाद न हो तथा होलिका में जबरदस्ती अवांछित वस्तुओं को न डाला जाए। होलिका दहन की समयावधि में विशेष सतर्कता बरती जाए। एसपी राहुल भाटी ने त्यौहार शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, एएसपी मुकेश चन्द्र उत्तम, सीएमओ डा एके सिंह, एसडीएम भिनगा आशीष भारद्वाज, इकौना पीयूष जायसवाल, जमुनहा एसके राय, प्रवीण यादव, सीओ भिनगा, इकौना, जमुनहा, ईओ भिनगा डॉ अनीता शुक्ला, ईओ इकौना, सभी थानाध्यक्ष, केन्द्रीय पीस कमेटी के दोनों समुदायों के पदाधिकारी मौजूद रहे।



शांति समिति की बैठक में मौजूद जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### होली पर सुरक्षा को लेकर एसपी ने मातहतों के साथ भिनगा में किया फ्लैग मार्च

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** होली पर्व को लेकर गुरुवार को एसपी ने मातहतों के साथ कस्बा भिनगा में फ्लैग मार्च व पैदल गशत किया। इस दौरान लोगों से त्यौहार पर आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। होली पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से भिनगा में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में गुरुवार को एसपी राहुल भाटी ने भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च एवं पैदल गशत कर सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। गशत के दौरान कहा कि प्रमुख बाजार, मिश्रित आबादी, संवेदनशील स्थानों एवं प्रमुख चौराहों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। आमजन, व्यापारी व स्थानीय संभ्रांत लोगों से संवाद स्थापित कर आपसी भाईचारा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की जा रही है। साथ ही चेतावनी दिया कि पर्व की आड़ में हुड़दंग, अफवाह फैलाने अथवा शांति भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उनके साथ सीओ भिनगा सतीश कुमार शर्मा, प्रभारी निरीक्षक भिनगा राज प्रकाश सिंह, प्रभारी यातायात शमीम अहमद सहित काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।



भिनगा में पैदल गशत करते एसपी राहुल भाटी व अन्य।

